■ पौष कृष्ण - 8 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 12 ■ अंक - 148 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » सोमवार » 23-12-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 वाम शासन में पिछड़ा रहा त्रिपुरा, भाजपा ने किया विकास : अमित शाह
6 झूठ, दिखावा, भ्रामकता के शिंकजे में उपभोक्ता
7 संगीत की दुनिया में मेरे लिए पिता समान थे रफी : सोनू नि

# भारत और कुवैत ने संबंधों को रणनीतिक स्तर तक बढ़ाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कुवैत सिटी/भाषा।** भारत और कुवैत ने रविवार को अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया और रक्षा सहयोग के लिए एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खाड़ी देश के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा और अन्य शीर्ष नेताओं के साथ व्यापक वार्ता के बाद हुआ।

मोदी ने अमीर के अलावा समग्र द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए कुवैती प्रधानमंत्री अहमद अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा और युवराज (क्राउन प्रिंस) सबा अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबा के साथ व्यापक बातचीत की।

दोनों पक्षों ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें रक्षा पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) भी शामिल है। अन्य समझौतों में खेल, संस्कृति और सौर ऊर्जा के क्षेत्रों में सहयोग शामिल है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों प्रधानमंत्रियों ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रौद्योगिकी और दोनों देशों की जनता के बीच संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए एक रोडमैप पर चर्चा की।

विदेश मंत्रालय में सचिव (प्रवासी भारतीय मामले) अरुण कुमार चटर्जी ने संवाददाताओं से कहा कि रक्षा संबंधी समझौता ज्ञापन (एमओयू) रक्षा उद्योगों, रक्षा उपकरणों की आपूर्ति, संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण, कर्मियों और विशेषज्ञों की सेवा के आदान-प्रदान और अनुसंधान एवं विकास में सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग प्रदान करेगा। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कुवैती समकक्ष के साथ अपनी वार्ता को 'लाभदायक' बताया। उन्होंने कहा, ''हमारी बातचीत में भारत-कुवैत संबंधों के पूर्ण आयाम पर चर्चा हुई, जिसमें व्यापार, वाणिज्य, दोनों देशों की जनता के स्तर पर संबंध आदि शामिल थे। महत्वपूर्ण सहमति पत्रों और समझौतों का भी आदान-प्रदान हुआ, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी।''

## प्रधानमंत्री को कुवैत के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा गया


कुवैत सिटी/भाषा। कुवैत ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान ' द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर' से रविवार को सम्मानित किया।

भारत और कुवैत के बीच संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए मोदी को इस सम्मान से नवाजा गया है। कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने प्रधानमंत्री को इस सम्मान से नवाजा।

मोदी ने 'एक्स' पर कहा, ''मुझे कुवैत के महामहिम अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल सबा द्वारा 'मुबारक अल-कबीर ऑर्डर' से सम्मानित किए जाने पर गर्व है। मैं यह सम्मान भारत की जनता तथा भारत और कुवैत के बीच मजबूत दोस्ती को समर्पित करता हूं।'' 'द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल कबीर' कुवैत का एक 'नाइटहुड ऑर्डर' है।

## धर्म के नाम पर उत्पीड़न धर्म की समझ की कमी के कारण : भागवत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमरावती (महाराष्ट्र)/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि धर्म के नाम पर होने वाले सभी उत्पीड़न और अत्याचार गलतफहमी और धर्म की समझ की कमी के कारण हुए।

महाराष्ट्र के अमरावती में महानुभाव आश्रम के शताब्दी समारोह में उन्होंने कहा कि धर्म महत्वपूर्ण है और इसकी उचित शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''क्योंकि धर्म का अनुचित और अधूरा ज्ञान अधर्म की ओर ले जाता है। धर्म के नाम पर दुनिया भर में हुए सभी उत्पीड़न और अत्याचार वास्तव में धर्म की गलतफहमी और समझ की कमी के कारण हुए।'' उन्होंने कहा कि धर्म हमेशा से अस्तित्व में रहा है और सब कुछ इसके अनुसार चलता है, इसीलिए इसे सनातन कहा जाता है। उन्होंने कहा कि धर्म का आचरण ही धर्म की रक्षा है।

## रोहित शर्मा को ट्रेनिंग के दौरान नेट पर चोट लगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मेलबर्न/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को रविवार को यहां एमसीजी में ट्रेनिंग सत्र के दौरान बाएं घुटने में चोट लगी लेकिन चोट की गंभीरता अभी तक पता नहीं चल पाई है। भारतीय टीम ने यहां पूरे अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया और रोहित को अपने बल्लेबाजी सत्र के अंत में सहयोगी स्टाफ दयानंद गरानी की थ्रोडाउन गेंद पर घुटने में चोट लग गई। रोहित दर्द में थे और उन्हें अपने बाएं घुटने पर आइस पैक लगाते देखा गया। बाद में तेज गेंदबाज आकाश दीप ने कहा कि कप्तान 'ठीक हैं'। भारतीय टीम सोमवार को ट्रेनिंग नहीं करेगी इसलिए कप्तान को ठीक होने के लिए समय मिल सकता है।

इस बीच भारतीय टीम मैच के ट्रेनिंग के लिए उपलब्ध कराई गई अभ्यास पिचों से बिलकुल खुश नहीं थी।

## कृषि और ग्रामीण विकास के बिना विकसित राष्ट्र संभव नहीं : धनखड़



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि ग्रामीण भारत और कृषि विकास के बिना विकसित राष्ट्र का स्वप्न पूरा करना संभव नहीं है। धनखड़ ने उप राष्ट्रपति भवन में चौधरी चरण सिंह पुरस्कार 2024 समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है। जब तक कृषि का विकास नहीं होगा, ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदल सकता और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलेगा, हम विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं रख सकते। देश की आर्थिक प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस समय भारत पहले से कहीं ज़्यादा तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। निस्संदेह, हमारी अर्थव्यवस्था फल-फूल रही है। हम वैश्विक स्तर पर पांचवें सबसे बड़े देश हैं और जापान और जर्मनी से आगे निकलकर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं लेकिन वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने के लिए हमारी आय में आठ गुना वृद्धि होनी चाहिए जो एक बड़ी चुनौती है। धनखड़ ने गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि गांव की अर्थव्यवस्था तभी बेहतर हो सकती है, जब किसान और उनका परिवार विपणन, मूल्य संवर्धन और हर जगह उद्योग संकुल बनाने में शामिल हो, जिससे आत्मनिर्भरता आए।

## फर्स्ट टेक

### प्रधानमंत्री मोदी कुवैत की यात्रा संपन्न कर स्वदेश रवाना

**कुवैत सिटी/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कुवैत की अपनी दो दिवसीय ''सफल'' यात्रा पूरी करने के बाद रविवार को स्वदेश रवाना हो गए। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत किया और द्विपक्षीय सहयोग एवं विकास के एक नए युग की शुरुआत की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''धन्यवाद कुवैत! यह यात्रा ऐतिहासिक थी और इससे हमारे द्विपक्षीय संबंध और प्रगाढ़ होंगे। मैं कुवैत सरकार और वहां के लोगों को उनकी गर्मजोशी के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं विदा करने के लिए हवाई अड्डे पर आने के वास्ते कुवैत के प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं।'' मोदी शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे थे, जो 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस खाड़ी देश की पहली यात्रा थी।

### रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको से की वार्ता

**मॉस्को/एपी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को क्रेमलिन में स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के साथ वार्ता की। फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से यूरोपीय संघ में शामिल किसी देश के नेता की मॉस्को की यात्रा सामान्य बात नहीं है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रूस की समाचार एजेंसी 'आरआईए' को बताया कि फिको यात्रा पर रूस पहुंचे और रविवार शाम को पुतिन से आमने-सामने मुलाकात की। पेस्कोव के अनुसार, वार्ता अंतरराष्ट्रीय स्थिति और रूसी प्राकृतिक गैस की आपूर्ति पर केंद्रित रही। मॉस्को द्वारा यूक्रेन में सेना भेजे जाने के बाद से यूरोपीय नेताओं का पुतिन से मिलना और फोन पर बात करना काफी कम हो गया है।

### श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में भक्तों ने दान किया स्वर्ण मुकुट

**तिरुपति (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** आंध्र प्रदेश के तारिगोंडा में स्थित श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर में भक्तों ने रविवार को स्वर्ण मुकुट दान में दिया। तिरुपति से 110 किलोमीटर दूर स्थित श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर को 340.930 ग्राम वजन का स्वर्ण मुकुट प्राप्त हुआ, जिसकी कीमत लगभग 27 लाख रुपये है। यह मुकुट चेन्नई के भक्त वसंत लक्ष्मी, माधवी और मनोहर ने भेंट किया। मंदिर निकाय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, तिरुपति से लगभग 110 किलोमीटर दूर तारिगोंडा में स्थित तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के उप-मंदिर श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर को रविवार को कीमती आभूषणों के रूप में दान प्राप्त हुआ।''



## यूक्रेन ने ड्रोन से रूसी ईंधन डिपो को दूसरी बार बनाया निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कीव/एपी।** यूक्रेन ने रविवार को ड्रोन के जरिये रूस के एक प्रमुख ईंधन डिपो को निशाना बनाया। रूस के एक वरिष्ठ क्षेत्रीय अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यूक्रेन द्वारा ड्रोन के जरिये रूसी ईंधन डिपो को निशाना बनाये जाने की यह घटना एक सप्ताह से कुछ अधिक समय में दूसरी बार हुई। अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन द्वारा ड्रोन हमला ईंधन और ऊर्जा आपूर्ति केंद्रों पर सीमा पार से किये जाने वाले हमलों का हिस्सा था, जिसके बारे में कीव का कहना है कि ये ठिकाने मॉस्को की सेना को आपूर्ति करते हैं।

रूस ने यूक्रेन के पहले से ही क्षतिग्रस्त ऊर्जा ग्रिड पर व्यापक हमले किये थे, जिसके कुछ दिनों बाद यूक्रेन ने यह ड्रोन हमला किया।

## संवैधानिक संस्थाओं की अखंडता को राजनीतिक प्रभाव से अलग रखा जाना चाहिए : न्यायमूर्ति नरसिम्हा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु/भाषा।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा ने रविवार को कहा कि भारत को अपने संवैधानिक संस्थानों की अखंडता को बाहरी हस्तक्षेप से बचाना चाहिए, जिसमें राजनीति से प्रेरित हस्तक्षेप भी शामिल हैं।

न्यायमूर्ति नरसिम्हा बेंगलूरु में 'नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी' (एनएलएसआईयू) द्वारा आयोजित न्यायमूर्ति ई.एस. वेंकटरमैया स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे।

न्यायमूर्ति वेंकटरमैया भारत के 19वें मुख्य न्यायाधीश रहे थे। इससे पहले वह कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश और मैसूर के महाधिवक्ता रहे। 'सुप्रीम कोर्ट ऑब्जर्वर' के अनुसार, वह 720 निर्णय सुनाने वाली पीठों का हिस्सा थे। इनमें से उन्होंने उच्चतम न्यायालय में अपने कार्यकाल के दौरान 256 निर्णय लिखे।

अपने संबोधन में न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने कहा कि संस्थाओं की अखंडता को केवल उन व्यक्तियों की नियुक्ति, निर्णय लेने और हटाने की प्रक्रिया में सुरक्षा उपाय लागू करके ही बरकरार रखा जा सकता है, जो इन संस्थाओं की अगुवाई करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्मृति व्याख्यान का विषय, 'संवैधानिक संस्थाओं की पुनर्कल्पना: अखंडता, दक्षता और जवाबदेही' प्रासंगिक है, क्योंकि न्यायमूर्ति वेंकटरमैया न्यायिक पेशेवरों की उस पीढ़ी से संबंधित थे, जिन्होंने संस्थाओं के विकास और उन्हें बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई थी।

न्यायमूर्ति नरसिम्हा ने निर्वाचन आयोग, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए राष्ट्रीय आयोगों जैसी 'चौथी शाखा संस्थाओं' की भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा की।

निर्वाचन आयोग का उदाहरण देते हुए न्यायमूर्ति ने कहा, ''आज हम यह मानकर चलते हैं कि संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव कराने के लिए कार्यपालिका के बाहर एक अलग निकाय है। हालांकि, यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि इसके संस्थागत होने से पहले, कार्यकारी शाखा के माध्यम से भी चुनाव कराना संभव था।''

उन्होंने भारत के संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता की सराहना की, जिन्होंने कार्यपालिका के बाहर एक निकाय के माध्यम से चुनावों की निगरानी, निर्देशन और नियंत्रण को संस्थागत बनाने का विकल्प चुना।

## कन्नड़ साहित्य सम्मेलन में 'प्रगतिशील समूहों' के मांसाहारी भोजन परोसने पर विवाद

**मांड्या (कर्नाटक)/भाषा।** मांड्या में 87वें कन्नड़ साहित्य सम्मेलन में रविवार को उस समय विवाद खड़ा हो गया जब प्रगतिशील समूहों ने मांसाहारी भोजन वितरित किया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। प्रगतिशील समूहों ने मांग की थी कि सम्मेलन के दौरान मांसाहारी भोजन परोसा जाना चाहिए। लेकिन हर साल की तरह इस बार भी शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराया गया, जो प्रगतिवादियों को पसंद नहीं आया। सूत्रों के अनुसार, रविवार को सम्मेलन के आखिरी दिन प्रगतिशील समूहों के सदस्यों ने मांसाहारी भोजन बांटा। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ है। शाकाहारी भोजन के बगल में मांसाहारी भोजन रखा हुआ था।

## मोहाली में ढही इमारत के मलबे से एक और व्यक्ति का शव बरामद, बचाव अभियान समाप्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** पंजाब के मोहाली में तीन मंजिला इमारत ढहने की घटना के बाद मलबे से रविवार को 29 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ और इसके साथ ही हादसे में मरने वालों की संख्या दो हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 23 घंटे बाद बचाव अभियान रविवार शाम को समाप्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। प्रारंभिक जांच के अनुसार, इमारत के बगल के भूखंड में हो रही अनधिकृत खुदाई के कारण यह हादसा हुआ।

मोहाली जिले के सोहाना गांव में शनिवार शाम बहुमंजिला इमारत ढह गई, जिसके मलबे में कम से कम पांच लोगों के फंसे होने की आशंका थी। फंसे लोगों का पता लगाने के लिए बचाव अभियान चलाया गया।

हिमाचल प्रदेश की 20 वर्षीय दृष्टि वर्मा को गंभीर हालत में मलबे से निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, जहां शनिवार रात को उसकी मौत हो गई, जबकि 29 वर्षीय अभिषेक धनवाल का शव रविवार को निकाला गया।

अधिकारियों ने बताया कि इमारत के दो मालिकों के अलावा खुदाई का काम कराने वाले ठेकेदार के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि जो भी जिम्मेदार पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक पारीक ने रविवार को बताया कि इमारत के मालिकों – परविंदर सिंह और गगनदीप सिंह – पर शनिवार रात को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या) के तहत सोहाना पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया।

सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें इमारत ढहने से पहले एक तरफ झुकी हुई दिखाई दे रही है। इमारत में एक जिम और 'पेइंग गेस्ट' (पीजी) आवास भी था। इमारत में एक बेसमेंट भी था।

कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि इमारत के हिलने पर एक व्यक्ति ने सचेत किया था और इमारत के ढहने से पहले कुछ लोग सुरक्षित बाहर निकल आए थे। उन्होंने कहा कि जिम गए अभिषेक अपना मोबाइल फोन लेने के लिए वापस अंदर गए और फंस गए।

मोहाली के कार्यवाहक उपायुक्त विराज एस. तिड़के ने रविवार को बताया कि मोहाली की उप-विभागीय मजिस्ट्रेट दमनदीप कौर मामले की जांच करेंगी और उन्हें तीन सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि अभियान पूरा होने की घोषणा करने से पहले एनडीआरएफ द्वारा मलबे की अच्छी तरह से जांच की गई थी। अधिकारी ने कहा कि पूरे बचाव अभियान पर जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों द्वारा बारीकी से नजर रखी गई।

## असम में बाल विवाह के खिलाफ तीसरे विशेष अभियान में 431 लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी/भाषा।** असम पुलिस ने बाल विवाह के खिलाफ अपने तीसरे विशेष अभियान में 430 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है और 345 मामले दर्ज किए हैं। एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। शीर्ष अधिकारी ने कहा कि कुछ और गिरफ्तारियां होने की संभावना है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एमपी गुप्ता ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कल रात राज्य भर में तीसरा विशेष अभियान संचालित किया गया, जिसमें 431 आरोपियों को पकड़ा गया और 345 मामले दर्ज किए गए। उन्होंने कहा, गिरफ्तार किए गए लोगों में कम उम्र की लड़कियों से शादी करने वाले पुरुष, परिवार के सदस्य और दो काजी भी शामिल हैं, जिनमें से एक सोनितपुर और दूसरा दक्षिण सलमारा जिले का है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''असम बाल विवाह के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखे हुए है। 21-22 दिसंबर की रात को शुरू किए गए तीसरे चरण के अभियान में 416 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### कोपेनहेगन से दिल्ली आ रहे

## एयर इंडिया के विमान में यात्रियों के बीच झगड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** कोपेनहेगन (डेनमार्क) से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान में सवार दो यात्रियों के बीच हाथ रखने की जगह को लेकर उस समय मारपीट हो गई, जब विमान रविवार को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने ही वाला था।

विमान सुबह करीब 7:35 बजे उतरा।

एयर इंडिया के एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार को कोपेनहेगन-दिल्ली उड़ान में यात्रियों के बीच किसी मुद्दे को लेकर बहस हो गई थी, जिसे बाद में 'सौहार्दपूर्ण ढंग से' सुलझा लिया गया।

सूत्र के अनुसार, जब केबिन क्रू खाना और पेय पदार्थ परोस रहा था, तब इकॉनमी क्लास में हाथ रखने की जगह को लेकर दो यात्रियों में बहस शुरू हो गई, जो बाद में तीखी नोकझोंक में बदल गई। केबिन क्रू ने एक यात्री को दूसरी सीट देकर उन्हें शांत किया।

हालांकि, जब विमान दिल्ली में उतरने वाला था तो यात्री अपनी उस सीट से अपना सामान लेने आया, जिस पर वह पहले बैठा था। इस पर दोनों ने फिर से झगड़ा शुरू कर दिया और मारपीट पर उतर आए। सूत्र ने यह जानकारी दी।

एआई 158 (कोपेनहेगन-दिल्ली) संचालित बोइंग 787-8 विमान में सवार यात्रियों की संख्या का पता नहीं चल पाया।

हालांकि, सूत्र ने बताया कि विमान लगभग पूरा भरा हुआ था।

संपर्क करने पर एयर इंडिया के एक अधिकारी ने कहा, दोनों यात्रियों के बीच किसी मुद्दे को लेकर बहस हुई थी, लेकिन इसे सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया गया। हवाईअड्डे से निकलने से पहले उन्होंने एक-दूसरे से हाथ भी मिलाया।

| 22-12-2024 | 23-12-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 5:48 बजे | सूर्योदय 6:27 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 78,041.59 | 23,587.50 |
| (-1,176.45) | (-364.20) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 8,014 रु. | 100,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### शर्मिंदा सदन

अंटशंट जो बोल रहे कुछ,
नेता वो बकवादी है।
आरोपित करता दूजे को,
ज्यों वादी प्रतिवादी है।
हमने ऐसों को चुन करके,
करी वोट बरबादी है।
शर्मिंदा जो करे सदन को,
ये कैसी आजादी है??



प्रयागराज में कुंभ मेला उत्सव से पहले एक नागा साधु धार्मिक जुलूस (पेशवाई) में भाग लेता हुआ।

# कांग्रेस ने पॉपकॉर्न के लिए अलग-अलग कर दर के लिए सरकार की आलोचना की

**नई दिल्ली/भाषा**

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि जीएसटी के तहत पॉपकॉर्न के लिए तीन अलग-अलग कर दर 'बेतुकी' हैं और केवल प्रणाली की बढ़ती जटिलता को उजागर करती है।

पार्टी ने सवाल किया कि क्या मोदी सरकार जीएसटी 2.0 को लागू करने के लिए पूर्ण बदलाव शुरू करने का साहस दिखाएगी।

कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने यह भी दावा किया कि वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) चोरी काफी ज्यादा है, इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी आम बात है, और जीएसटी प्रणाली को 'धत्ता' बताने के लिए स्थापित फर्जी कंपनियों की संख्या हजारों में है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''जीएसटी के तहत पॉपकॉर्न के लिए तीन अलग-अलग टैक्स स्लैब के बेतुके फैसले ने सोशल मीडिया पर मीम्स की सुनामी ला दी है। यह एक गंभीर मुद्दे को सामने लाता है: एक ऐसा सिस्टम जिसे 'गुड और सिंपल' होना था, लेकिन उसकी जटिलताएं बढ़ती ही जा रही हैं।''

रमेश ने कहा, '' जीएसटी की चोरी गंभीर मामला है, इनपुट टैक्स क्रेडिट धोखाधड़ी आम है और जीएसटी सिस्टम में 'खेल करने' के लिए स्थापित फर्जी कंपनियों की संख्या हजारों में है।

'' उन्होंने कहा, '' आपूर्ति श्रृंखलाओं की ट्रैकिंग कमज़ोर है, पंजीकरण प्रक्रिया खामियों से भरी हुई है, टर्नओवर में मिलने वाली छूट में व्याप्त खामियों का फ़ायदा उठाया जा रहा है, अनुपालन आवश्यकताएं अभी भी कष्टकारी हैं, और वस्तुओं का गलत वर्गीकरण अक्सर होता है।''

कांग्रेस नेता ने कहा, ''जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) द्वारा उजागर किए गए कर धोखाधड़ी के हालिया आंकड़ों से वित्त वर्ष 24 में 2.01 लाख करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी का पता चलता है।'' उन्होंने कहा, '' केंद्रीय बजट अब से केवल 40 दिन दूर है, क्या प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री इसमें पूरी तरह से बदलाव लाने और जीएसटी 2.0 शुरू करने की हिम्मत दिखाएंगे?''

जीएसटी परिषद ने शनिवार को पॉपकॉर्न पर कराधान के संबंध में स्पष्टीकरण जारी करने पर सहमति व्यक्त की और कहा कि पहले से पैक और लेबल लगे रेडी-टू-ईट स्नैक्स पर 12 प्रतिशत कर लगेगा, जबकि कारमेलाइज्ड पॉपकॉर्न पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। पॉपकॉर्न की कर दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है और जीएसटी परिषद ने केवल इस बात पर सहमति व्यक्त की है कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) पॉपकॉर्न की वर्तमान कराधान व्यवस्था को स्पष्ट करने वाला एक परिपत्र जारी करेगा।

'रेडी-टू-ईट पॉपकॉर्न' में नमक और मसाले मिलाए जाते हैं। इसमें नमकीन के आवश्यक गुण होते हैं, पर वर्तमान में पांच प्रतिशत जीएसटी लगता है बशर्ते यह पहले से पैक और लेबल नहीं किया गया हो।




# नवप्रवास संघ यात्रा के तहत भक्ति कार्यक्रम का किया गया आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जैन दोस्ती फेडरेशन द्वारा रविवार को प्रिंसेस ग्रीन के सभागार में नवप्रवास संघ यात्रा का 'पहला कदम भक्ति की ओर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्नात्र पूजा से हुआ। गायक कलाकार डीके जैन एवं दीपक सेठ ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।

फेडरेशन की तरफ से संस्थापक श्रीपाल बांठिया, चेयरमैन अनूप श्रीश्रीमाल, अध्यक्ष मितेश सुराणा, मंत्री महेंद्र कटारिया एवं अन्य सदस्यों ने लाभार्थियों का सम्मान किया एवं संघ यात्रियों को आईडी कार्ड वितरित किए। इस मौके पर अतिथि के रुप में उपस्थित महेंद्र मुणोत ने जैन दोस्ती फेडरेशन के युवाओं की सराहना करते हुए उन्हें आज के युग का श्रवण कुमार बताया।

# क्रिसमस समारोह को लेकर शिक्षकों को धमकाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पलक्कड़ (केरल)। केरल के पलक्कड़ में क्रिसमस समारोह को लेकर एक सरकारी स्कूल के शिक्षकों को धमकाने के आरोप में विश्व हिंदू परिषद (विहिप)के तीन कथित कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। पलक्कड़ के नल्लेपिल्ली सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को हुई घटना के सिलसिले में चित्तूर पुलिस ने के. अनिल कुमार, वी. सुसासनन और के. वेलायुधन को गिरफ्तार किया। स्कूल के अधिकारियों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार तीनों ने कथित तौर पर स्कूल के क्रिसमस समारोह में व्यवधान डाला, शिक्षक और छात्रों से क्रिसमस कैरोल के लिए उनकी पोशाक के बारे में सवाल किए और छात्रों के सामने शिक्षकों के साथ गाली-गलौज की।

पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, तीनों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। उन पर सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा डालने और धमकी देने का आरोप लगाया गया है। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों को बाद में अदालत में पेश किया गया और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।




# माहेश्वरी सभा द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी सभा द्वारा वार्षिक कैलेंडर का 14वें संस्करण का रविवार को विमोचन किया गया। कैलेंडर 2025 का विमोचन माहेश्वरी सभा के उपाध्यक्ष भगवानदास लाहोटी, माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्षा श्वेता बिहानी, अहमदाबाद के शेलबी हॉस्पिटल के डॉ वीरल गौरलिया, कैलेंडर के सहयोगकर्ता श्रीकांत तापड़िया, विनय लड्डा, विनीतकुमार बियानी एवं संजय साबू ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान महेश की वंदना से हुआ। उपाध्यक्ष भगवानदास लाहोटी ने जानकारी दी कि सभा कर्नाटक प्रदेश के विभिन्न ग्रामों में निवासित माहेश्वरी परिवारों तक पहुंचाया जाता है। इस वर्ष 3500 कैलेंडर वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में सभी विज्ञापनदाताओं का सभा की ओर से धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यसमिति सदस्य रविकांत राठी ने किया।

# पार्सल विस्फोट मामला: आरोपी ने इंटरनेट से बम बनाना सीखा, सहयोगी के साथ गिरफ्तार

अहमदाबाद/भाषा। अहमदाबाद में एक घर में डिलीवर किए गए पार्सल में हुए विस्फोट के सिलसिले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने आरोपी रूपेन राव (44) को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने कथित तौर पर इंटरनेट से बम और देसी पिस्तौल बनाना सीखा था, ताकि वह अपनी अलग रह रही पत्नी के दोस्त बलदेव सुखाड़िया, पत्नी के पिता और भाई से बदला ले सके। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपी से दो और बम, एक देसी पिस्तौल, कारतूस और हथियार बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की है। अधिकारी ने बताया कि राव की पत्नी तलाक लेने की प्रक्रिया में है और मामला अदालत में है।

विस्फोट शनिवार को पूर्वाह्न करीब 10.45 बजे साबरमती इलाके में एक घर में हुआ था, जिसमें दो लोग घायल हो गए थे।

पुलिस उपायुक्त (जोन 2) भरत राठौड़ ने कहा, शनिवार सुबह साबरमती क्षेत्र में सुखाड़िया के घर पर पहुंचाए गए पार्सल में विस्फोट होने के बाद, हमने मौके से गौरव गढ़वी नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तकनीकी निगरानी की मदद से राव और उसके सहयोगी रोहन रावल (21) को रात में ही पकड़ लिया गया।'' राठौड़ ने संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने सल्फर पाउडर, बारूद और एक इलेक्ट्रॉनिक सर्किट से बनाये गए दो बम बरामद किए, जो एक रिमोट कंट्रोल से संचालित प्रतीत होते हैं और साथ ही एक देशी पिस्तौल भी बरामद की है, जो राव ने बनाया था। उन्होंने कहा कि राव का मानना था कि सुखाड़िया ने उसके और उसकी पत्नी के बीच दरार पैदा की और उसे पत्नी और उनके बच्चों से दूर किया। अधिकारी ने कहा कि आरोपी का मानना था कि उसकी पत्नी, ससुर और साले ने उसे पेट की बीमारी के कारण कमजोर महसूस कराया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने सुखाड़िया और उसके ससुराल वालों को मारने, अलग रह रही उसकी पत्नी को उसके परिवार से अलग करने और उसे अकेला महसूस कराने के लिए तीन से चार महीने में इंटरनेट पर बम और हथियार बनाना सीखना शुरू कर दिया। राठौड़ ने बताया, ''इसलिए, राव और सह-आरोपी ने सल्फर पाउडर, ब्लेड, बैटरी, चारकोल और पटाखों से निकलने वाले बारूद जैसी सामग्री का उपयोग करके रिमोट-कंट्रोल बम बनाने की साजिश रची। उसने इंटरनेट से देसी पिस्तौल बनाना भी सीखा।''

रावल ने आर्थिक कारणों से छह महीने तक राव के साथ काम किया। अधिकारी ने बताया कि रावल ने सबसे पहले शुक्रवार रात को बम के साथ पार्सल सुखाड़िया के घर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हालांकि, चूंकि उनका लक्षित व्यक्ति घर में नहीं था।

# आंध्र प्रदेश में संदिग्ध गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत, दूसरा घायल

रायचोटी (आंध्र प्रदेश)/भाषा। अन्नामय्या जिले में संदिग्ध गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। हनुमंतु (45) और रमण (30) बाल इकट्ठा करके, पुरानी सिल्वर की वस्तुएं बेचकर और बकरियां चराकर जीविका चलाते हैं। दोनों ने अपने परिवार के सदस्यों को बताया कि रविवार की सुबह रायचोटी के पास उन्हें गोली मार दी गई।

पुलिस ने 'पीटीआई भाषा' को बताया, आज सुबह करीब साढ़े पांच बजे जब वे (हनुमंतु और रमण) माधवरम गांव जा रहे थे तो उन्होंने आरोप लगाया कि अज्ञात लोगों ने उन पर गोली चलाई। वे वापस लौटे और अपने परिवार के सदस्यों को इसकी जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि दोनों व्यक्तियों को दाहिनी पसलियों के नीचे चोटें आईं और उन्हें पहले रायचोटी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। बाद में उन्हें कडप्पा के रिम्स अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। इलाज के दौरान हनुमंतु की मौत हो गई।

# अजित पवार ने मंत्रियों को विभाग आवंटन पर कहा : जाहिर है, कुछ लोग नाखुश हैं

बारामती (महाराष्ट्र)/भाषा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने राज्य मंत्रिपरिषद में मंत्रियों की अधिक संख्या और उनमें से प्रत्येक को विभाग आवंटित करने की ''सीमा'' को स्वीकार करते हुए रविवार को कहा कि कुछ सदस्य स्वाभाविक रूप से खुश नहीं हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा विभागों का आवंटन किए जाने के एक दिन बाद अजित पवार ने कहा कि लंबित परियोजनाओं पर काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख ने अपने निर्वाचन क्षेत्र बारामती में एक रोड शो का नेतृत्व किया और अभिनंदन कार्यक्रमों में भाग लिया। पवार ने एक कार्यक्रम में कहा, ''चूंकि मंत्रियों की संख्या अधिक है, इसलिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को प्रत्येक मंत्री को एक विभाग देना ही था। जाहिर है, कुछ लोग खुश हैं और कुछ नहीं।'' उन्होंने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल में केवल छह राज्य मंत्री शामिल हैं, जबकि बाकी 36 कैबिनेट मंत्री हैं।

# आयकर विभाग ने पीडीपी के विधायक पारा को नोटिस भेजा, खातों की जानकारी मांगी

श्रीनगर/भाषा। आयकर विभाग ने पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के वरिष्ठ नेता और जम्मू-कश्मीर के विधायक वहीद पारा को अपने खातों की जानकारी मुहैया कराने के लिए नोटिस दिया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

नोटिस के अनुसार, पारा को 20 दिसंबर को आयकर विभाग के अधिकारियों के सामने पेश होना था, लेकिन उन्हें उसी दिन सूचना मिली। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा से पीडीपी विधायक पारा की टिप्पणी नहीं मिल पाई लेकिन उनके करीबी सहयोगियों ने कहा कि उनका प्रतिनिधि सोमवार को आयकर विभाग के कार्यालय में उपस्थित होगा। पारा को आयकर अधिनियम की धारा 131(1ए) के तहत नोटिस दिया गया, जो आयकर अधिकारी को करदाताओं से जानकारी मांगने का अधिकार देता है, भले ही कोई औपचारिक कार्यवाही लंबित न हो।

इस प्रावधान के तहत आयकर विभाग के अधिकारियों को यह भी अनुमति है कि वे खाता बही और वित्तीय दस्तावेज मांग सकते हैं, जिन्हें नोटिस प्राप्तकर्ता स्वयं ला सकता है या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से भेज सकता है। विधानसभा चुनाव के बाद निर्वाचन आयोग को सौंपे गए आंकड़ों के अनुसार, पारा ने कहा कि उन्होंने चुनाव प्रचार पर 14 लाख रुपए से थोड़ा अधिक खर्च किया था।

## सहकारी सम्मेलन



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा रविवार को त्रिपुरा के अगरतला में सहकारी सम्मेलन में भाग लेते हुए।

# अल्लू अर्जुन के घर पर तोड़फोड़

हैदराबाद/भाषा। 'उस्मानिया विश्वविद्यालय ज्वांइट एक्शन कमेटी' के सदस्य होने का दावा करने वाले लोगों के एक समूह ने रविवार को यहां स्थित अल्लू अर्जुन के आवास में तोड़फोड़ की। प्रदर्शनकारियों ने अभिनेता के खिलाफ नारे लगाए और उस महिला को न्याय दिलाने की मांग की, जिसकी इस महीने संध्या सिनेमाघर में भगदड़ के दौरान मौत हो गई थी। इस महीने की शुरुआत में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा-2' की स्क्रीनिंग के दौरान यहां सिनेमाघर में भगदड़ मच गई थी, जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी और उसका बच्चा बेहोश हो गया था। प्रदर्शनकारियों के पास मौजूद एक तख्ती पर लिखा था, 'फिल्में बनाकर करोड़ों रुपए कमाए जा रहे हैं।

## अनुष्ठान




प्रयागराज में रविवार को महाकुंभ मेले में महा निर्वाणी अखाड़े के भूमि पूजन समारोह के दौरान साधु अनुष्ठान करते हुए।

# एक साथ चुनाव संबंधी विधेयक संसद में पारित होने की संभावना नहीं : दिग्विजय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

आगर मालवा (मध्य प्रदेश)। कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा है कि उन्हें संसद में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विधेयक पारित हो पाने को लेकर संशय है। सिंह ने संसद परिसर में बृहस्पतिवार को भाजपा सांसदों के साथ धक्का-मुक्की किए जाने के संबंध में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर लगाए गए आरोपों को भी खारिज किया। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' (ओएनओई) संबंधी दो विधेयक एक साथ चुनाव कराने की व्यवस्था प्रदान करते हैं और इन्हें मंगलवार को लोकसभा में तीखी बहस के बाद पेश किया गया। इनमें से एक विधेयक के लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता है। लोकसभा ने शुक्रवार को एक साथ चुनाव संबंधी दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेज दिया।

सिंह ने यहां संवाददाताओं द्वारा ओएनओई विधेयक पर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में कहा, जेपीसी गठित की गई है और मुझे नहीं लगता कि यह पारित हो पाएगा। दिल्ली पुलिस ने संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की के सिलसिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। शिकायत में उन पर धक्का-मुक्की के दौरान हमला करने और उकसाने का आरोप लगाया गया है। इस धक्का-मुक्की में भाजपा के दो सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए थे।



कांग्रेस ने इस दावे को सिरे से खारिज करते हुए आरोप लगाया है कि भाजपा सांसदों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को धक्का दिया और गांधी के साथ धक्का-मुक्की की। भाजपा सांसदों के साथ धक्का-मुक्की करने को लेकर गांधी पर लगाए गए आरोपों के बारे में पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि ये आरोप पूरी तरह से झूठे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ये सरासर झूठे हैं। भाजपा नेताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई।

उन्होंने कहा, एक भाजपा सांसद दूसरे पर गिर गया। दोनों घायल हो गए। जो गिरा, उसने कहा कि राहुल गांधी उसके सामने खड़े थे। अगर वह सामने खड़े थे, तो क्या वह उसे धक्का दे सकते थे? राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता व्यक्त करते हुए हाल में कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को ऐसा लग रहा है कि वे ऐसे मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं।

सिंह ने भागवत के बयान को लेकर किए गए सवाल के जवाब में कहा, अगर हम ऐसे लोगों की बात करते हैं जो हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर बात करके नेता बनना चाहते हैं तो उनके सामने सबसे बड़ा सबूत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। वह उन्हें (मोदी को) क्यों नहीं समझाते? कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भागवत केवल बयान दे रहे हैं लेकिन जब मुसलमानों के खिलाफ ज्यादतियां की जाती हैं तो वह चुप क्यों रहते हैं। सिंह ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि भागवत द्वारा दिए गए ऐसे बयान सकारात्मक हैं लेकिन उन्हें संघ से जुड़े संगठनों को रोकना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल (संघ से जुड़े) उनके संगठन हैं। वह उन्हें क्यों नहीं रोकते?

## जांच



नोएडा में यूपीपीएससी पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा में शामिल होने से पहले परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक सत्यापन से गुजरता एक उम्मीदवार।





# ईशा में योगेश्वर लिंग की स्थापना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में आयोजित एक शक्तिशाली प्रक्रिया, सप्तऋषि आरती, 21 दिसम्बर को कोयंबटूर के ईशा योग केंद्र में आदियोगी के सामने स्थापित योगेश्वर लिंग पर की गई। नागापट्टिनम जिले के शिवरामपुरम से श्री श्री पंचमुख अंजनेयर मठ के श्री वायु सीता रामनंजदास जीयर स्वामीगल विशेष अतिथि के रूप में पवित्र अनुष्ठान में शामिल हुए।

ईशा योग केंद्र में अपने अनुभव के बारे में बोलते हुए, जीयर स्वामीगल ने कहा, यहां दिव्य के दर्शन करना एक महान आशीर्वाद है। हालांकि मैं पेरुमल का भक्त हूं, लेकिन मैं इस दर्शन से प्रेरित होकर यहां आया हूं कि शिव और हरि एक हैं, जो इस स्थान का आधार है। उन्होंने आगे कहा, यहां आकर ऐसा लगता है जैसे भगवान शिव के चरणों में स्वर्ग में हों। सद्गुरु द्वारा किया जा रहा कार्य किसी व्यक्ति का प्रयास नहीं बल्कि एक दिव्य व्यवस्था है। सद्गुरु और ईश्वर के प्रति भक्तों का समर्पण वास्तव में उल्लेखनीय है, और मैं भगवान नारायण के आशीर्वाद से इसे खूबसूरती से आगे बढ़ाने के लिए प्रार्थना करता हूं। सप्तर्षि आरती एक शक्तिशाली प्रक्रिया है जिसे शिव ने हजारों साल पहले अपने शिष्यों – सात ऋषियों को सिखाया था। इस प्रक्रिया को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के पुजारियों द्वारा अपने शुद्ध रूप में संरक्षित किया गया है।

सप्तर्षि आरती में अपनी भागीदारी को याद करते हुए उन्होंने कहा, पुजारियों द्वारा की गई पूजा, श्रृंगार और आरती एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला दृश्य था। इसके बाद आदियोगी के दिव्य दर्शन को देखकर मैं अचंभित रह गया और आनंद से भर गया। एक जीयर के रूप में, शिव के सामने बैठना और इस दिव्य लीला का अनुभव करना अभिभूत करने वाला और विनम्र करने वाला था। उन्होंने सद्गुरु गुरुकुलम संस्कृति की भी प्रशंसा की और इसे एक असाधारण प्रयास बताया, यह शब्दों से परे, दिव्य क्षेत्र के समान है। सद्गुरु गुरुकुलम संस्कृति एक ऐसा विद्यालय है जो पारंपरिक भारतीय प्रणाली पर आधारित है, जहाँ छात्रों को योगिक अभ्यास, भारतीय शास्त्रीय कला, कलारीपयट्टू जैसी मार्शल आर्ट और संस्कृत का अनूठा मिश्रण सिखाया जाता है। हर साल, शीतकालीन संक्रांति पर, काशी के सात पुजारी शिव की कृपा के वाहन होने के लिए सप्तर्षि को धन्यवाद देने के लिए सप्तर्षि आरती करते हैं। यह एकमात्र अवसर है जब यह काशी विश्वनाथ मंदिर के बाहर की जाती है।

कोयंबटूर, पोलाची, उडुमलाईपेट्टई और अन्नूर के सैकड़ों शिव भक्तों ने भी आरती में भाग लिया। उन्होंने सप्तर्षि आरती में भाग लेने से पहले सूर्य कुंड मंडपम में थेवरम भजन भी गाए।



# द्रमुक कार्यकारी समिति ने अमित शाह की निंदा की

## भाजपा पर 'ध्यान भटकाने' का लगाया आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की अध्यक्षता में रविवार को यहां हुई पार्टी की कार्यकारिणी समिति की बैठक में बाबासाहेब आंबेडकर की मानहानि' करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कड़ी निंदा की गई। द्रमुक ने पारित एक प्रस्ताव में आरोप लगाया कि शाह ने डॉ. आंबेडकर के बलिदान को कलंकित किया है, जो 'अस्वीकार्य' है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासन के तहत संसदीय लोकतंत्र पर 'एक धब्बा' है।

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि मंत्री की टिप्पणी से ध्यान हटाने के लिए संसद के अंदर और बाहर भाजपा द्वारा किया गया 'नाटक' एक मजाक था। पार्टी ने राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं तथा संसद के दोनों सदनों में मंत्री का विरोध करने के लिए सांसदों की सराहना की। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कुछ दिन पहले इरोड दौरे के बाद कहा था कि उनकी पार्टी 2026 के विधानसभा चुनावों में 200 से अधिक सीटें जीतेगी। द्रमुक ने अपने कार्यकर्ताओं से कुल 234 विधानसभा क्षेत्रों में से 200 से अधिक सीट जीतने के लिए तुरंत तैयारी शुरू करने का आह्वान किया। द्रमुक ने मांग की कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के मछुआरों और उनकी नावों को श्रीलंका से तुरंत छुड़ाने के लिए कदम उठाए। पार्टी ने केंद्र सरकार से मछुआरों के मुद्दे का स्थायी समाधान खोजने और श्रीलंका से कच्चातीवु द्वीप वापस लेने के लिए कदम उठाने का भी आग्रह किया गया।

द्रमुक ने चक्रवाती तूफान 'फेंगल' के बाद राहत पर कहा कि केंद्र का आपदा राहत कोष भाजपा का पार्टी 'कोष' नहीं है और उसे राज्य सरकार द्वारा मांगी गई धनराशि आवंटित करनी चाहिए। राज्य ने स्थायी मरम्मत और तत्काल आवश्यकताओं के लिए क्रमशः 6,675 करोड़ रुपये और 2,000 करोड़ रुपये मांगे थे। पार्टी ने कहा कि केंद्र ने केवल 944.80 करोड़ रुपये ही जारी किए, जो सामान्य रूप से लंबित राज्य आपदा राहत कोष था।

पार्टी ने केंद्र से 'एक राष्ट्र एक चुनाव' प्रस्ताव को छोड़ने का आह्वान किया और टंगस्टन खनन मुद्दे पर भी उसकी निंदा की। साथ ही, पार्टी ने संसद में खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 में संशोधन करने के लिए 2023 में एक विधेयक का समर्थन' करने के लिए राज्य की मुख्य विपक्षी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) पर निशाना साधा। इस संशोधन की वजह से केंद्र को टंगस्टन खनन अधिकार प्रदान करने की अनुमति मिली। एक अन्य प्रस्ताव में समग्र शिक्षा योजना के तहत धनराशि जारी न करके तमिलनाडु के साथ 'पक्षपात' और 'विश्वासघात' करने के लिए केंद्र पर निशाना साधा गया।

# अदालत ने दी कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को विदेश यात्रा की अनुमति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई/नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आईएनएक्स मीडिया मामले में आरोपी कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को 4 से 12 जनवरी के बीच ऑस्ट्रिया और ब्रिटेन की यात्रा करने की अनुमति दे दी है। अदालत ने उल्लेख किया कि उन्होंने अतीत में दी गई स्वतंत्रता का कभी भी दुरुपयोग नहीं किया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने 17 दिसंबर को पारित एक आदेश में कार्ति चिदंबरम को उनकी कंपनी से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेने और बेटी से मिलने के लिए वियना (ऑस्ट्रिया) तथा ब्रिटेन की यात्रा करने की अनुमति दे दी।

न्यायाधीश ने कहा, यह रिकॉर्ड की बात है कि आवेदक ने पहले भी कई मौकों पर विदेश यात्रा के लिए अदालत से अनुमति मांगी थी और उसे हमेशा उच्चतम न्यायालय तथा इस अदालत द्वारा भी अनुमति दी गई थी और उसने कभी भी अदालत द्वारा दी गई छूट या स्वतंत्रता का दुरुपयोग नहीं किया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश विशेष लोक अभियोजक एनके मट्टा ने कार्ति चिदंबरम के आवेदन का विरोध करते हुए कहा कि वह स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर सकते हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 15 मई, 2017 को एक मामला दर्ज किया था, जिसमें 2007 में 305 करोड़ रुपये का विदेशी कोष प्राप्त करने के लिए आईएनएक्स मीडिया समूह को दी गई विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड की मंजूरी में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया था। उस समय कार्ति चिदंबरम के पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय वित्त मंत्री थे। इस मामले में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम भी आरोपी हैं।



# चेन्नई की कंपनी ने कर्मचारियों को टाटा की कार, रॉयल एनफील्ड की बाइक उपहार में दीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। चेन्नई स्थित सरमाउंट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों को कंपनी के प्रति उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को देखते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए कार और मोटरसाइकिल उपहार में दी हैं। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। कंपनी के 20 कर्मचारियों को 'उच्च लक्ष्य प्राप्त करने' के लिए प्रेरित करने को उन्हें टाटा की कार, एक्टिवा स्कूटी और रॉयल एनफील्ड बाइक उपहार में दी गईं।

चेन्नई मुख्यालय वाली सरमाउंट लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड माल ढुलाई में देरी, पारदर्शिता की कमी और अकुशल आपूर्ति श्रृंखला समाधान जैसी लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की आम चुनौतियों का समाधान करती है।

कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक (एमडी) डेन्ज़िल रायन ने बयान में कहा, हमारा मिशन सभी आकार के व्यवसायों के लिए लॉजिस्टिक्स को सरल बनाना है। हम पारंपरिक माल ढुलाई और लॉजिस्टिक्स प्रक्रियाओं की कठिनाइयों को समझते हैं। हमारा लक्ष्य ऐसे समाधान प्रदान करना है जो न केवल कुशल हों, बल्कि पर्यावरण के प्रति भी सचेत हों।

उपहार के संबंध में उन्होंने कहा कि एक मजबूत कर्मचारी कल्याण कार्यक्रम के कार्यान्वयन से न केवल समग्र कर्मचारी संतुष्टि में सुधार होता है, बल्कि उत्पादकता और जुड़ाव में भी वृद्धि होती है, क्योंकि प्रेरित कर्मचारियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद अधिक होती है।

# बेंगलूरु और कोचुवेली के बीच क्रिसमस विशेष ट्रेनें

**चेन्नई।** दक्षिण रेलवे से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार दक्षिण पश्चिम रेलवे ने क्रिसमस त्यौहार के दौरान अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ट्रेन संख्या 06507/06508 एसएमवीटी बेंगलूरु-कोचुवेली-एसएमवीटी बेंगलूरु एक्सप्रेस स्पेशल की एक सेवा चलाएगी।

ट्रेन संख्या 06507 एसएमवीटी बेंगलूरु – कोचुवेली एक्सप्रेस स्पेशल 23 दिसंबर को 23.00 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु से रवाना होगी और अगले दिन 16.30 बजे कोचुवेली पहुंचेगी वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 06508 कोचुवेली – एसएमवीटी बेंगलूरु एक्सप्रेस स्पेशल 24 दिसंबर मंगलवार को 17.55 बजे कोचुवेली से रवाना होगी और अगले दिन 11.15 बजे एसएमवीटी बेंगलूरु पहुंचेगी। इस ट्रेन में 1– एसी प्रथम श्रेणी कोच , 2 – एसी टू टियर कोच, 3 – एसी थ्री टियर कोच, 6 – स्लीपर क्लास कोच, 1 – पेंट्री कार, 4 – सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच, 2 – पार्सल वैन और 2 – लगेज सह ब्रेक वैन कोच होंगे।

# मैंने सभी सामुदायिक संगठनों के साथ मजबूत संबंध बनाए रखे : रमेश चेन्नितला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



तिरुवनंतपुरम/भाषा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नितला ने रविवार को कहा कि उन्होंने हमेशा सभी सामुदायिक संगठनों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखे हैं। चेन्नितला ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही कि प्रमुख सामुदायिक नेता उन्हें 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने मीडिया से कहा, ''मैंने (पूर्व में) केपीसीसी अध्यक्ष, विपक्ष के नेता और गृह मंत्री के रूप में हमेशा सभी सामुदायिक संगठनों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखे जो एक लोकसेवक के लिए जरूरी है।''

'नायर सर्विस सोसाइटी' (एनएसएस) ने रमेश चेन्नितला को अपने संस्थापक और समाज सुधारक मन्नाथु पद्मनाभन के जयंती समारोह में मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित किया है। चेन्नितला ने इस बारे में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह आयोजकों पर निर्भर करता है कि वे इस तरह के आयोजनों में किसे आमंत्रित करें। उन्होंने कहा, मैं मन्नम जयंती कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलने से प्रसन्न और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। एनएसएस द्वारा चेन्नितला को मन्नम जयंती समारोह में मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित किए जाने से 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की केरल इकाई के भीतर सत्ता में बदलाव की अटकलें तेज हो गई हैं। एनएसएस के तत्कालीन महासचिव जी. सुकुमारन नायर ने 2013 में खुले तौर पर मांग की थी कि ओमन चांडी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार में चेन्नितला को प्रमुख भूमिका दी जाए। हालांकि, चेन्नितला ने इसे खारिज किया था। परिणामस्वरूप, चेन्नितला और एनएसएस के बीच कुछ समय के लिए संबंध तनावपूर्ण हो गये थे।

इस बीच, श्री नारायण धर्म परिपालन योगम (एसएनडीपी) के महासचिव वेल्लापल्ली नटेसन ने भी इस मामले पर अपनी राय व्यक्त करते हुए चेन्नितला को समर्थन दिया है। एसएनडीपी योगम के महासचिव की टिप्पणी के बारे में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य ने कहा कि समुदाय के नेताओं का समाज में महत्वपूर्ण स्थान है और उनका विरोध करने का उनका कोई इरादा नहीं है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा, यह सवाल मीडिया में चर्चा का विषय है और वेल्लापल्ली ने इसलिए जवाब दिया क्योंकि आपने यह सवाल पूछा था। उन्होंने कहा, कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा, यह सवाल मीडिया में चर्चा का विषय है और वेल्लप्पल्ली ने इसलिए जवाब दिया क्योंकि आपने यह सवाल पूछा था। चेन्नितला ने कहा कि सामुदायिक संगठनों को इस बात पर अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है कि मुख्यमंत्री कौन बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि केपीसीसी के पुनर्गठन के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है और कांग्रेस की प्राथमिकता चुनाव से पहले पार्टी को मजबूत करना और 2026 में सत्ता में वापसी करना है।

केपीसीसी अध्यक्ष के. सुधाकरन ने भी कहा कि सामुदायिक संगठनों को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। उन्होंने रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, हमने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार पर चर्चा शुरू नहीं की है। राज्य के नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा था कि अगर नायर सर्विस सोसाइटी' (एनएसएस) अपने संस्थापक और समाज सुधारक मन्नाथु पद्मनाभन की जयंती समारोह जैसे बड़े कार्यक्रम के लिए चेन्नितला को आमंत्रित करती है तो इससे कांग्रेस को फायदा होगा।



# सबरीमाला मंदिर के लिए निकली 'थंका अंकी' शोभा यात्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पथनमथिट्टा/भाषा।** पथनमथिट्टा के अरनमुला से भगवान अयप्पा की मूर्ति की पवित्र सुनहरी पोशाक 'थंका अंकी' लेकर वार्षिक शोभा यात्रा रविवार को सबरीमाला मंदिर के लिए रवाना हुई। यह शोभायात्रा पार्थसारथी मंदिर से शुरू हुई और इसमें श्रद्धालुओं तथा त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के अधिकारियों सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। त्रावणकोर शाही परिवार ने 70 के दशक में भगवान अयप्पा को 'थंका अंकी' अर्पित किया था। यह पोशाक अरनमुला पार्थसारथी मंदिर में रखी जाती थी और 'मंडलम-मकरविलक्कू' के दौरान इसे पहाड़ी मंदिर में ले जाया जाता था।

जब भगवान अयप्पा की पोशाक को फूलों से सजे वाहन पर रखकर शोभायात्रा निकाली गई तो श्रद्धालुओं ने भगवान अयप्पा के भजन गाए और 'स्वामीये शरणम् अयप्पा' मंत्र का जाप किया। इस अवसर पर टीडीबी के अध्यक्ष पी एस प्रशांत भी वहां मौजूद थे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अब, 'थंका अंकी' शोभा यात्रा पार्थसारथी मंदिर से शुरू हुई है। रास्ते में 74 मंदिरों से होते हुए यह 25 दिसंबर तक सबरीमाला पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि देवस्वओम मंत्री वी.एन. वासवन पंबा पहुंचने पर शोभा यात्रा का स्वागत करेंगे। शाम को सबरीमाला सन्निधानम में मंदिर के अधिकारी इसका भव्य स्वागत करेंगे।

यह अंगवस्त्र 25 दिसंबर की शाम को आरती से पहले देवता की मूर्ति को पहनाया जाएगा। 26 दिसंबर को सबरीमाला में मंडल पूजा होगी, जो वार्षिक तीर्थयात्रा के पहले चरण के समापन का प्रतीक होगी।

# आदिवासी महिला ने जीप में बच्चे को जन्म दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पथानमथिट्टा। केरल के पथानमथिट्टा जिले में रविवार को जंगल के बीच एक आदिवासी महिला ने जीप में बच्चे को जन्म दिया। एक वन विभाग के सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि निकटवर्ती अवनिप्पारा की आदिवासी कॉलोनी की रहने वाली महिला को सरकारी अस्पताल जाते समय रास्ते में प्रसव पीड़ा शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि स्थानीय जनजातीय अधिकारी और वनकर्मी मौके पर पहुंचे और एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की, जिसने मां और नवजात शिशु को यहां सामान्य अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि महिला के साथ आई नर्स सजीता ने बाद में मीडिया को बताया कि उनकी हालत अभी स्थिर है और वे ठीक हैं।

# वीओसी बंदरगाह की हरित हाइड्रोजन के लिए 41,860 करोड़ के निवेश की योजना

तूतीकोरिन/दक्षिण भारत राष्ट्रमत। तमिलनाडु स्थित वीओ चिदंबरनार (वीओसी) बंदरगाह ने देश के हरित हाइड्रोजन-अमोनिया केंद्र के रूप में खुद को विकसित करने के लिए 41,860 करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। बंदरगाह ने इस साल माल लदान में वृद्धि के बाद क्षमता बढ़ाने के उपाय भी किए हैं। वीओसी बंदरगाह ने 19 दिसंबर, 2024 तक 5.62 लाख टीईयू कंटेनर सहित 2.97 करोड़ टन का माल संभाला है। रविवार को जारी बयान के अनुसार वीओसी बंदरगाह ने खुद को भारत के हरित हाइड्रोजन-अमोनिया केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए 41,860 करोड़ रुपये के कुल निवेश से हरित हाइड्रोजन और अमोनिया विनिर्माण और भंडारण संयंत्र की स्थापना के लिए चार कंपनियों को 501 एकड़ जमीन आवंटित की है।

# इडुक्की में व्यापारी की आत्महत्या मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इडुक्की। केरल में पहाड़ी जिले इडुक्की के कट्टाप्पना में एक व्यापारी द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या करने के मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है। मुलंगास्सेरी साबू नामक व्यापारी ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) द्वारा नियंत्रित सहकारी बैंक में जमा कराए गए पैसे वापस नहीं मिलने के कारण यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि कट्टाप्पना के सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) की अगुवाई में नौ सदस्यीय एसआईटी मामले की जांच करेगी। साबू (56) नामक व्यापारी का शव सुबह कट्टाप्पना ग्रामीण विकास सहकारी समिति बैंक के बाहर सीढ़ियों पर लटका मिला। साबू द्वारा कथित तौर पर लिखे गए सुसाइड नोट में कहा गया है कि बैंक सचिव और दो अन्य कर्मचारी उनकी मौत के लिए जिम्मेदार हैं, क्योंकि जब भी वह अपने पैसे मांगने जाते थे, तो वे उनका अपमान करते थे। इडुक्की जिला पुलिस अधीक्षक विष्णु प्रदीप टी. के. ने रविवार को मीडिया को बताया, विशेष जांच दल द्वारा सभी पहलुओं को शामिल करते हुए एक व्यापक जांच की जाएगी।''



# निर्मला सीतारमण ने तनोटराय माता मंदिर में की पूजा-अर्चना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को जैसलमेर में भारत पाकिस्तान सीमा के निकट सीमा सुरक्षा बल के प्रसिद्ध तनोटराय माता मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की। श्रीमती सीतारमण जीएसटी कॉउन्सिल की बैठक के सिलसिले में स्वर्ण नगरी जैसलमेर के दौरे पर हैं।

उनके तनोट माता मंदिर परिसर में पहुँचने पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) राजस्थान के महानिरीक्षक एम एल गर्ग, उप महानिरीक्षक योगेन्द्र सिंह राठौड़ और 166 वी वाहिनी के (समादेष्टा) वीरेंद्र पाल सिंह द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने तनोट माता मंदिर परिसर में स्थित विजय स्तम्भ पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सीमा सुरक्षा बल की विशेष गार्ड द्वारा वित्त उनको गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके बाद उन्होंने तनोट परिसर में ऑडियो विजुअल और हथियार प्रदर्शनी का दौरा किया जहां पर सेना के अधिकारियों ने उनको ब्रीफ किया। उन्होंने तनोट क्षेत्र में निर्माणाधीन बॉर्डर टूरिजम प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं दिशा निर्देश दिए।

श्रीमती सीतारमण ने विषम परिस्थियों में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे सीमा सुरक्षा बल के जवानों से बातचीत की एवं उनकी हौसला आफजाई की।

उन्होंने कहा की देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में विख्यात सीमा सुरक्षा बल के जवानों से मुलाकात कर उन्हे आज गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने जैसलमेर में विश्व विख्यात सोनार किले का भी भ्रमण किया। वह किले में मंदिर पैलेस एवं जैन मंदिरों के शिल्प सौंदर्य देखकर अभिभूत हुई। किले में मौजूद सैलानियों में सीतारमण के साथ सेल्फी खिंचवाने की होड़ सी मच गई।



# गैस टैंकर हादसे के नौ मृतकों के आश्रितों के खाते में सहायता राशि हस्तांतरित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में भांकरोटा के पास शुक्रवार को हुए गैस टैंकर हादसे को लेकर जिला प्रशासन पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए दुर्घटना के पीड़ितों, घायलों के सर्वोत्तम उपचार एवं मृतकों के आश्रित परिजनों सभी जरूरतों के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है और नौ मृतकों की शिनाख्त के बाद उनके आश्रितों के बैंक खाते में मुख्यमंत्री सहायता कोष से 5-5 लाख रुपये एवं भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा देय 6-6 लाख रुपये की मुआवजा राशि हस्तांतरित कर दी गई है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मामले में संवेदनशीलता बरतते हुए जिला कलक्टर डा जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर शिनाख्त मृतकों के परिजनों के बैंक खाते में सहायता राशि के हस्तांतरण की संपूर्ण प्रक्रिया महज 24 घंटे में सुनिश्चित कर ली गई । जिला प्रशासन द्वारा 14 मृतकों में से 9 मृतकों की शिनाख्त किये जाने के पश्चात मृतक आश्रितों के बैंक खातों में यह राशि हस्तांतरित कर दी गई।

इसके अलावा शिनाख्त किये गए नौ मृतकों में से मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के बीमित छह मृतकों के आश्रितों के बैंक के खाते में योजना के तहत 5-5 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि हस्तांतरित की गई है वहीं दुर्घटना में घायलों को भी नियमानुसार सहायता राशि मुहैया कराने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। डा सोनी दुर्घटना के मृतकों एवं घायलों के परिजनों के संपर्क में है। रविवार को जिला कलक्टर ने दुर्घटना के मृतकों एवं घायलों के परिजनों से धर्मशाला में जाकर मुलाकात की एवं दुर्घटना को लेकर संवेदना प्रकट की। इस दौरान उन्होंने दुर्घटना के मृतकों एवं घायलों के परिजनों को जिला प्रशासन द्वार हर संभव सहायता मुहैया करवाने का आश्वासन भी दिया।

# कांग्रेस ने अंबेडकर का अपमान करने में नहीं छोड़ी कोई कोर कसर : खर्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कांग्रेस के संविधान निर्माता डा भीमराव अंबेडकर को लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को घेरने पर पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस ने अंबेडकर का अपमान करने में कभी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और अब केवल भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन जनता सब जानती हैं।

खर्रा ने रविवार को अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि शाह के लोकसभा में दिए वक्तव्य के एक छोटे से अंश को काट छांटकर लोगों को भ्रम फैलाने का प्रयास किया गया है लेकिन देश की जनता इस बात से अच्छी तरह परिचित है और उनके इस भ्रमजाल में फंसने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि चाहे नेहरू हो या श्रीमती इंदिरा गांधी, सबने अपने कार्यकाल में अपने जीवित रहते हुए अपने आप को भारत रत्न से सम्मानित कर लिया लेकिन बाबा साहेब को सम्मानित करने का उनके मन में कभी भी विचार नहीं आया। इसके अलावा जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के नाम पर बहुत सारे स्मारक बने लेकिन कांग्रेस ने कभी भी बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से स्मारक बनाने का कोई विचार भी नहीं किया। खर्रा ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है उसने बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न भी दिया और उनसे संबंधित जितनी भी जगह थी चाहे वह लंदन, दिल्ली या मुंबई में हो सब जगह उनके भव्य स्मारक बने हैं। अब यह बात कांग्रेस सहित विपक्षी दलों को पच नहीं पा रही है। अब धीरे-धीरे आम आदिवासी दलित समाज यह समझने लग गया है कि कांग्रेस ने सदैव बाबा साहब का अपने हित में उपयोग किया है और सम्मान के नाम पर उनके लिए कभी कुछ नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि इनके बारे में अब क्या कहें। पचपन साल का युवा जो अब तक मेच्योर नहीं हो पाया है, उसके बारे में कोई भी टिप्पणी करना ज्यादा उचित नहीं होगा।

# विदेशी कुत्तों पर सट्टा लगाने के आरोप में 81 लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

*जयपुर। पुलिस ने राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में कुत्तों पर सट्टा लगाने के आरोप में 81 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। हनुमानगढ़ टाउन थाना क्षेत्र में एक फार्म हाउस पर छापेमारी के दौरान पुलिस ने विदेशी नस्ल के 19 कुत्ते बरामद किए और 15 वाहन जब्त किए। हनुमानगढ़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरशद अली ने बताया कि शुक्रवार देर रात चक बुधसिंह वाला रोही स्थित एक फार्म हाउस पर छापेमारी की गई जहां विदेशी नस्ल के कुत्तों पर सट्टा लगाया जा रहा था।*

*उन्होंने बताया, 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 15 वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस की छापेमारी होते ही कई लोग दीवार फांदकर भाग गए। कुछ लोगों के पास से लाइसेंसी हथियार भी बरामद किए गए हैं। अली ने बताया कि सट्टा लगाते पकड़े गए ज्यादातर आरोपी पड़ोसी पंजाब-हरियाणा के रहने वाले हैं जो निजी वाहनों में कुत्तों को लेकर आए थे। एसपी ने बताया कि कुछ कुत्ते घायल अवस्था में मिले हैं तथा उनका इलाज किया जा रहा है। इन कुत्तों को फार्म हाउस में ही पुलिस की निगरानी में रखा गया है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।*

*उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने सोशल मीडिया पर एक ग्रुप बनाया हुआ है, जिसमें करीब 250 सदस्य जुड़े हुए हैं तथा ये सभी लोग ग्रुप के जरिए थोड़े-थोड़े समय के अंतराल पर अलग-अलग जगहों पर कुत्तों की लड़ाई रखते थे।*



# राष्ट्र भूभाग नहीं सनातन मूल्य से जुड़ा विचार और संस्कृति : बागड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने कहा है कि राष्ट्र कोई भूभाग भर नहीं होता है, यह संस्कृति और सनातन मूल्य से जुड़ा विचार है। बागड़े रविवार को एक होटल में नवोत्कर्ष विक्रम संवत 2081 कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम है और बाद में सब है, इस मानसिकता का प्रसार किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल में जो संस्कार मिलते हैं, उसी से भविष्य का विचार बनता है। उन्होंने देश में मैकाले द्वारा प्रारंभ शिक्षा पद्धति की चर्चा करते हुए कहा कि इसके जरिए भारतीय संस्कृति को जड़ों से उखाड़ने के निरंतर प्रयास हुए हैं। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को कभी कोई मिटा नहीं सकता क्योंकि यह हमारे रक्त में घुला है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को मिटाने का निरंतर प्रयोग होता रहा, पर यह जीवंत संस्कृति है। उन्होंने प्राचीन भारतीय आविष्कारों की चर्चा करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने आजादी से पहले गजट में लिखा है कि भारत में जितने गुरुकुल हैं, उतने ब्रिटेन में भी नहीं है। उन्होंने प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत, दशमलव के प्रयोग आदि की चर्चा करते हुए कहा कि वैदिक काल से हमने उन सिद्धांतों को स्थापित कर दिया जो बाद में पश्चिम ने अपने नाम किए।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र का गौरवमय इतिहास शिक्षा पद्धति से ही पता चलता है। भारतीयता के विचार से ही देश में नई शिक्षा नीति बनाकर लागू की गई है। इसे सभी प्रभावी रूप में क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस देश के लोग अपने इतिहास को भूल जाते हैं, उनका भूगोल भी कम होता जाता है। इसलिए सनातन भारतीय मूल्यों के लिए सभी मिलकर कार्य करें। भारत को विकसित राष्ट्र बनाएं। राज्यपाल ने आरंभ में नवोत्कर्ष फाउंडेशन द्वारा प्राचीन भारत के गौरवमय शासकों, सनातन संस्कृति से जुड़ी चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

# जैसलमेर जिले में चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ करने के लिए बजट की कोई कमी नहीं : खींवसर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जैसलमेर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि जैसलमेर जिले की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए चिकित्सा सेवाऐं सुदृढीकरण के लिए बजट की कोई कमी नहीं रखी जायेगी। उन्होंने कहा कि जिले में एएनएम के जितने भी रिक्त पद है उनको शीघ्र ही भरवाने की कार्यवाही कर दी जायेगी। चिकित्सा मंत्री रविवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित चिकित्सा अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। बैठक में जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, पूर्व विधायक डॉ. जितेन्द्र सिंह, जिला कलक्टर प्रताप सिंह, उप निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, जोन-जोधपुर डॉ. आदित्य कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार पालीवाल, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. चन्दन सिंह तंवर के साथ खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि पोर्टल के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही अन्य चिकित्सा अधिकारियों की पोसिंटग की है, यदि इस जिले में किसी ने कार्यग्रहण नहीं किया है तो उसकी सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दे ताकि उसमें भी उचित कार्यवाही करेगें। उन्होंने ने कहा कि डेजर्ट जिले जिनकी भौगोलिक स्थिति अन्य जिलों से भिन्न है, उनमें विशेष रियायत देकर चिकित्सा सुविधाओं को और भी बेहतर बनायेगें।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के रिक्त पदों पर शीघ्र ही पदस्थापन कर दिया जायेगा एवं निर्देश दिये कि वहां पर टेलीमेडिसन के समस्त उपकरण स्थापित कर दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को चिकित्सा सुविधाओं का विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से पूरा लाभ देवें।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि जैसलमेर जिले में एफआरयू यूनिट स्थिति की जानकारी ली तो मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में 03 एफआरयू रामगढ, मोहनगढ, सांकडा में संचालित है, लेकिन यहां पर स्वीकृत विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद रिक्त है। चिकित्सा मंत्री ने इन रिक्त पदों को शीघ्र भरवाने का विश्वास दिलाया। उन्होंने जिले में दी गई एएलएस एम्बुलेंस की जानकारी भी ली एवं कहा कि यहां कि जरूरत के अनुरूप लाठी व रामगढ के लिए एक-एक एएलएस एम्बुलेंस शीघ्र ही उपलब्ध करवा दी जावेगी।

चिकित्सा मंत्री ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये की अपने जिले की आवश्यकता अनुसार सीटी स्केन एवं एमआरआई एवं अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा उपकरणों की सूची शीघ्र ही उपलब्ध करावें। इसके साथ ही उप स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य केन्द्र का सुदृढीकरण करवाना है, उसके लिए भी प्लान जनवरी प्रथम सप्ताह तक भेज देवें ताकि बजट की व्यवस्था करवाई दी जायेगी।

चिकित्सा मंत्री ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये की वे चिकित्सा विभाग की समस्त योजनाओं को बेतहर ढंग से क्रियान्वयन कर आमजन को चिकित्सा सेवाओं का पूरा लाभ देवें एवं निःशुल्क चिकित्सा सुविधा हर मरीज को मिले इस बात का पूरा ध्यान रखें।

# हरियालो राजस्थान अभियान 82 प्रतिशत से अधिक सफल : दिलावर

जयपुर। राजस्थान के पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत किया गया वृक्षारोपण 82 प्रतिशत से अधिक सफल रहा है जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि है वहीं प्रदेश में अब तक मृत पौधों के स्थान पर 7.29 लाख पौधे लगाये जा चुके है। दिलावर ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गत सात अगस्त को आयोजित हरियालो राजस्थान अभियान में पंचायती राज एवं शिक्षा विभाग द्वारा किया गया वृक्षारोपण का सफलता प्रतिशत 82.49 प्रतिशत रहा है।

उन्होंने बताया कि अब तक सबसे ज्यादा जीवित पौधों वाले जिलों मे गंगानगर 99 प्रतिशत, राजसमंद 98, झुंझुनू 96, डीडवाना 95, नागौर 95 प्रतिशत तथा कोटपूतली बहरोड 94 प्रतिशत सफलता के साथ प्रदेश में अव्वल रहने वाले जिले है। उन्होंने बताया कि कम जीवित पौधे प्रतिशत वाले जिलों में करौली 44 प्रतिशत, सलूंबर 54, बीकानेर 62, गंगापुर सिटी 64 एवं डीग 67 प्रतिशत जीवित पौधों के साथ शामिल हैं।



# सरस मेले का ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम योगदान : मीणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने रविवार को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा जवाहर कला केंद्र जयपुर में संचालित सरस राजसखी मेला2024 का अवलोकन करते हुए कहा कि सरस मेलों का ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम योगदान है। इन मेलों में देश की ग्रामीण महिलाएं अपने हाथों से निर्मित शोपीस आइटम बेचती है। मेले में डॉ. किरोडी लाल ने सरस मेले की सभी स्टालों का अवलोकन किया एवं विभिन्न राज्यों से आए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया और उनके उत्पादों की सराहना की। मेले में 250 से अधिक जीआई टैग उत्पादों की करीब 400 स्टॉल लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सरस मेले राजीविका दीदियों द्वारा निर्मित शिल्पकला, एंब्रॉयडरी, जैविक उत्पाद, घर का साजसामान एवं खाने पीने से संबंधित उत्पादों को एक स्थान पर खरीदारी करने का अवसर प्रदान करता है। ये मेले पारंपरिक भारतीय कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि मेले में विभाग द्वारा पैकेजिंग, ब्रांडिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग और वित्तीय प्रबंधन जैसे विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जा रहा है जिससे की राजीविका महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा उत्पाद बेचने के अवसर उपलब्ध हो सके। सरस मेले में रविवार को नेशनल क्रेडिट कोर के 70 कैडेटों ने भी अवलोकन किया और खरीददारी कर मेले का लुफ्त उठाया।



# वसुंधरा राजे के काफिले में पलटी जीप, कई पुलिसकर्मी घायल

पाली। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे के काफिले में एक गंभीर हादसा हुआ, जब काफिले के पीछे चल रही पुलिस की जीप बाली में पलट गई। इस हादसे में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनमें रूपाराम, भाग चंद, सूरज, नवीन और जितेंद्र शामिल हैं।

हादसा उस समय हुआ जब वसुन्धरा राजे मंत्री ओटा राम देवासी की माता के निधन पर संवेदना व्यक्त कर उनके गांव मुंडारा से जोधपुर लौट रही थीं। घायलों के बारे में जानकारी मिलने के बाद, पूर्व सीएम खुद मौके पर पहुंचीं और घायलों को एम्बुलेंस में बैठाकर राजकीय चिकित्सालय बाली भेजा। इसके साथ ही, बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह को भी घायलों के साथ अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया और बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई।

# टीबी मुक्त भारत के लिए प्रदेश में निःक्षय शिविरों का हो रहा आयोजन : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में टीबी मुक्त भारत, 100 दिवसीय अभियान को सफल बनाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग के लिए निरंतर निःक्षय शिविरों का आयोजन कर रहा है। टीबी रोगियों को निःक्षय पोषण योजना का लाभ देने के साथ ही पौष्टिक आहार किट का वितरण किया जा रहा है। नई दिल्ली में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा की अध्यक्षता में टीबी मुक्त, 100 दिवसीय अभियान पर बैठक आयोजित हुई। शर्मा मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस बैठक से जुड़े। उन्होंने कहा कि इस 100 दिवसीय अभियान को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस अभियान में निःक्षय मित्रों द्वारा उपचाररत मरीजों को पोषण सुविधा उपलब्ध करवायी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भारत को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का संकल्प है। राजस्थान इस संकल्प को साकार करने में पूर्ण जिम्मेदारी से अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

# वाम शासन में पिछड़ा रहा त्रिपुरा, भाजपा ने किया विकास : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**धलाई (त्रिपुरा)/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को वामदलों पर 35 साल के अपने शासन के दौरान त्रिपुरा को ''पिछड़ा'' राज्य बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2018 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्य की सत्ता में आने के बाद ही यहां प्रगति हो सकी।

शाह ने विस्थापित ब्रू आदिवासियों के पुनर्वास वाले एक गांव का दौरा करने के बाद यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कम्युनिस्ट शासन के दौरान त्रिपुरा विकास के सभी मानदंडों पर पीछे रह गया था, लेकिन अब प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''35 साल तक कम्युनिस्टों ने त्रिपुरा पर शासन किया। कम्युनिस्टों ने दावा किया कि उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए काम किया। कांग्रेस ने भी काफी समय तक त्रिपुरा पर शासन किया। लेकिन राज्य के लोग हमेशा गरीब ही रहे। जब भाजपा सत्ता में आई, तब त्रिपुरा में विकास हुआ।''

शाह ने कहा कि जब वह 2017 में भाजपा अध्यक्ष के तौर पर त्रिपुरा आए थे और पांच दिन रुके थे, तब केवल 11 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली थी। उन्होंने कहा, ''धीरे-धीरे हमने अपना काम शुरू किया। हमने कड़ी मेहनत की और सालों की मेहनत के बाद कम्युनिस्टों को सत्ता से बाहर कर पाए।''




गृह मंत्री ने कहा कि वामपंथी शासन के दौरान सिर्फ 2.5 प्रतिशत लोगों को नल से पीने का पानी मिलता था और अब 85 प्रतिशत लोगों को पीने योग्य पानी मिलता है। उन्होंने कहा कि कम्युनिस्ट शासन के तहत गरीबों को मुफ्त अनाज नहीं मिलता था, लेकिन अब प्रत्येक व्यक्ति को पांच किलोग्राम चावल मिलता है और सभी को पांच लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। शाह ने कहा कि त्रिपुरा में निवेश आया है और लोगों को मुफ्त बिजली और एलपीजी कनेक्शन मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब स्कूल छोड़ने की दर तीन प्रतिशत से भी कम है, जबकि नामांकन 99 प्रतिशत है, लेकिन वामपंथी शासन के दौरान यह दर बहुत खराब थी। उन्होंने कहा, ''विद्रोहियों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद अब त्रिपुरा में शांति है। मां त्रिपुरसुंदरी के आशीर्वाद से त्रिपुरा देश के सबसे विकसित राज्यों में से एक होगा। आज मुझे अपार खुशी मिल रही है।''

## 37,500 से अधिक ब्रू आदिवासी शरणार्थियों का पुनर्वास किया गया

**अंबासा (त्रिपुरा)/भाषा।** मिजोरम में 1990 के दशक के अंत और 2009 में जातीय हिंसा से प्रभावित 37,500 से अधिक ब्रू आदिवासियों का केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई 821 करोड़ रुपए की धनराशि से त्रिपुरा में पुनर्वास किया गया है। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को त्रिपुरा में इनमें से कुछ शरणार्थियों से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि 16 जनवरी, 2020 को केंद्र, त्रिपुरा, मिजोरम की सरकारों और ब्रू संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच त्रिपुरा में ब्रू प्रवासियों के स्थायी पुनर्वास के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। ब्रू (रियांग) जनजातियों में लगभग 70 प्रतिशत हिंदू हैं, जबकि शेष ईसाई हैं। मिजोरम के तीन जिलों - ममित, लुंगलेई और कोलासिब जिलों से ब्रू प्रवासी 1997, 1998 और 2009 में मिजोरम में ब्रू और मिजो समुदायों के बीच गंभीर जातीय हिंसा के कारण उत्तरी त्रिपुरा आ गए थे।

# मोदी सरकार ने निर्वाचन आयोग की शुचिता को 'सुनियोजित तरीके से नष्ट' किया : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण को रोकने के लिए चुनाव नियम में बदलाव करने को लेकर रविवार को सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि यह निर्वाचन आयोग की संस्थागत शुचिता को नष्ट करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की ''व्यवस्थित साजिश'' का हिस्सा है।

खरगे ने यह भी कहा कि मोदी सरकार द्वारा निर्वाचन आयोग की निष्ठा को जानबूझकर खत्म किया जाना संविधान और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। सरकार ने चुनाव नियमों में बदलाव करते हुए सीसीटीवी कैमरा और वेबकास्टिंग फुटेज तथा उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण को रोक दिया है, ताकि उनका दुरुपयोग रोका जा सके।



निर्वाचन आयोग (ईसी) की सिफारिश के आधार पर, केंद्रीय कानून मंत्रालय ने सार्वजनिक निरीक्षण के लिए रखे गये ''कागजात'' या दस्तावेजों के प्रकार को प्रतिबंधित करने के लिए चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93(2)(ए) में संशोधन किया है। खरगे ने इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ''चुनाव संचालन नियमों में मोदी सरकार का दुस्साहसिक संशोधन भारत के निर्वाचन आयोग की संस्थागत अखंडता को नष्ट करने की उसकी व्यवस्थित साजिश के तहत किया गया एक और हमला है।'' उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''इससे पहले, उन्होंने प्रधान न्यायाधीश को उस चयन समिति से हटा दिया था जो निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करती है और अब वे उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी चुनावी जानकारी को रोकने में लगे हैं।'' खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने मतदाता सूची से नाम हटाए जाने और ईवीएम में पारदर्शिता की कमी जैसी चुनाव संबंधी अनियमितताओं के बारे में जब भी निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है तो उसने इसका तिरस्कारपूर्ण लहजे में जवाब दिया है और कुछ गंभीर शिकायतों को स्वीकार भी नहीं किया है। उन्होंने कहा, ''इससे यह फिर साबित होता है कि निर्वाचन आयोग अर्ध-न्यायिक निकाय होने के बावजूद स्वतंत्र रूप से व्यवहार नहीं कर रहा है।'' खरगे ने कहा, ''मोदी सरकार द्वारा निर्वाचन आयोग की शुचिता को जानबूझकर नष्ट करना संविधान और लोकतंत्र पर सीधा हमला है और हम उनकी सुरक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे।''

## आतंकी संगठन का संदिग्ध सदस्य बंगाल के दक्षिण 24 परगना से गिरफ्तार

**कोलकाता/भाषा।** कश्मीर घाटी में सक्रिय आतंकी संगठन के एक संदिग्ध सदस्य को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में रविवार को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कश्मीर घाटी में प्रतिबंधित तहरीक-ए-मुजाहिदीन संगठन के सदस्य होने के संदेह में जावेद मुंशी को जम्मू-कश्मीर पुलिस और बंगाल पुलिस की एक संयुक्त टीम ने कैनिंग अस्पताल के पास से पकड़ा। उन्होंने बताया कि जावेद ने दावा किया कि वह निजी कारणों से कैनिंग कस्बे में अपने एक रिश्तेदार के घर गया था। जावेद घाटी में कथित तौर पर विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहा है और जम्मू-कश्मीर पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। अधिकारी ने बताया कि तहरीक-ए-मुजाहिदीन को पाकिस्तान से नियंत्रित किया जाता है और घाटी, पाकिस्तान और बांग्लादेश में अन्य आतंकवादी संगठनों के साथ उसके संपर्क हैं। उन्होंने बताया कि जावेद के पास से 'जिहादी साहित्य' भी बरामद किया गया, जिसे स्थानीय लोगों को 'तहरीक-ए-मुजाहिदीन' जैसे संगठनों की विचारधारा से परिचित कराने और मुस्लिम युवकों को संगठन में भर्ती कराने का काम सौंपा गया था।




# नीतीश के नेतृत्व में बिहार विधानसभा का अगला चुनाव लड़ेगा राजग : सम्राट चौधरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** बिहार के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सम्राट चौधरी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अगले साल बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ेगा।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह पूछे जाने पर कि आगामी विधानसभा चुनाव में क्या राजग कुमार को अपने नेता के तौर पर पेश करने पर पुनर्विचार कर सकता है, तो इसपर उन्होंने कहा, ''कोई भ्रम नहीं है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में एक समाचार चैनल को दिए साक्षात्कार में यह पूछे जाने पर कि क्या राजग मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किए बिना बिहार में चुनाव में जा सकता है, जैसा कि हाल ही में उसने महाराष्ट्र में किया था, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह ने था, हम एक साथ बैठेंगे और फैसला करेंगे। निर्णय लेने के बाद हम आपको बताएंगे।

उनकी इस प्रतिक्रिया से ये अटकलें तेज हो गई थीं कि भाजपा 2025 के चुनावों में कुमार को मुख्यमंत्री के रूप में पेश नहीं करने पर जोर दे सकती है। चौधरी ने अटकलों को खारिज करते हुए कहा, बिहार में राजग नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में काम कर रहा है और हम दोनों नेताओं के नेतृत्व में चुनाव लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा, 2020 में हमने (कुमार को राजग का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करने के बाद) चुनाव लड़ा और आज तक हमने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को केवल (बिहार में एनडीए नेता के रूप में) माना है। भविष्य में भी हम नीतीश कुमार और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे।

बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव 2025 के अंत में होने हैं।



## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सांसदों की जवाबदेही की वकालत की

**नई दिल्ली/भाषा।** संसद में व्यवधान के कारण कामकाज कम होने की पृष्ठभूमि में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को सांसदों की जवाबदेही की वकालत की और कहा कि लोग सांसदों को यह सोचने पर मजबूर करें कि उन्हें संसद में क्यों भेजा गया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए अभिव्यक्ति और संवाद दोनों बड़ी जिम्मेदारी के साथ-साथ चलने चाहिए। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने सांसदों के बीच जवाबदेही का आह्वान करते हुए कहा, ''कोई गलती न करें, मैं सांसदों का जिक्र कर रहा हूं। लोगों ने अव्यवस्था को व्यवस्था के रूप में लेना सीख लिया है।'' आधिकारिक बयान के अनुसार, उपराष्ट्रपति ने कहा, ''लोग आपको (सांसदों) सोचने पर मजबूर करेंगे कि आप वहां (संसद) क्यों गए थे?'' चौधरी चरण सिंह पुरस्कार, 2024 के विजेताओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है। उन्होंने कहा, ''जब तक कृषि का विकास नहीं होता, ग्रामीण परिदृश्य को बदला नहीं जा सकता। और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलता, हम विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं कर सकते।''

# उत्तर प्रदेश : संभल जिले के चंदौसी में प्राचीन बावड़ी मिली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**संभल (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के संभल में चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में खुदाई के दौरान लगभग 150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली बावड़ी मिली है। चंदौसी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने बताया कि शनिवार को स्थल पर खुदाई शुरू हुई। संभल में 13 दिसंबर को लगभग 46 साल से बंद भस्म शंकर मंदिर के फिर से खुलने के बाद यह खुदाई की जा रही है।

अधिकारियों ने कहा कि उन्हें अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान संरचना का पता चला।

अधिकारियों ने कहा कि मंदिर की बावड़ी के अंदर दो क्षतिग्रस्त मूर्तियां मिलीं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बावड़ी का निर्माण बिलारी के राजा के नाना के शासनकाल के दौरान किया गया था।

संभल के जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेंसिया ने कहा कि इस स्थल पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने की संभावना पर विचार किया जा रहा है, और यदि आवश्यक हुआ तो एएसआई से अनुरोध किया जा सकता है।

मीडिया से बात करते हुए पेंसिया ने कहा, यह स्थल पहले तालाब के रूप में पंजीकृत था। बावड़ी की ऊपरी मंजिल ईंटों से बनी है, जबकि दूसरी और तीसरी मंजिल संगमरमर की है। उन्होंने कहा कि संरचना में चार कमरे और एक बावड़ी भी है।



पेंसिया ने कहा कि संरचना को नुकसान से बचाने के लिए काम सावधानी से किया जा रहा है। डीएम ने कहा, खुदाई जारी रहेगी, और क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाया जाएगा। प्रारंभिक अनुमानों से पता चलता है कि बावड़ी लगभग 125 से 150 साल पुरानी है।

अधिकारी ने बावड़ी के पास स्थित बांके बिहारी मंदिर के बारे में भी चिंता व्यक्त की, जो जीर्ण-शीर्ण हो गया है। डीएम ने कहा कि लगभग 150 साल पुराने माने जा रहे मंदिर में दो मूर्तियां हैं जिन्हें अलग-अलग मंदिरों में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए कदम उठाए जाएंगे और इसके आसपास के सभी अतिक्रमणों को हटाया जाएगा।

दो दिन पहले आयोजित एक जनसभा के दौरान चंदौसी के निवासी कौशल किशोर ने जिला कार्यालय को प्राचीन बावड़ी के बारे में जानकारी दी और पास के बांके बिहारी मंदिर की बिगड़ती स्थिति का उल्लेख किया।

# आंबेडकर को अपमानित करने वालों को सत्ता से बाहर कर देगा 'पीडीए' : अखिलेश यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) समाज के लोग डॉ. बीआर आंबेडकर और उनके संविधान को अपमानित करने वालों को हमेशा के लिए सत्ता से बाहर कर देंगे। यादव ने संसद में आंबेडकर के खिलाफ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर देशव्यापी आंदोलन के बीच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अपमान की इस प्रथा को तोड़ने के लिए अब पीडीए समाज के हर एक व्यक्ति ने ठान लिया है कि वह सामाजिक एकजुटता से राजनीतिक शक्ति प्राप्त कर अपनी सरकार बनाएंगे और बाबा साहब व उनके संविधान को अपमानित करने वालों को हमेशा के लिए सत्ता से बाहर कर देंगे।

सपा प्रमुख ने पोस्ट में कहा, प्रभुत्ववादियों और उनके संगी साथियों के लिए बाबा साहब सदैव से एक ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं, जिन्होंने संविधान बनाकर शोषणात्मक नकारात्मक प्रभुत्ववादी सोच पर पाबंदी लगाई थी। इसीलिए प्रभुत्ववादी हमेशा से बाबा साहब के खिलाफ रहे हैं और समय-समय पर उनके अपमान के लिए तिरस्कार पूर्ण बयान देते रहें हैं। उन्होंने कहा उन्होंने कभी भी बाबा साहब के सब की बराबरी के सिद्धांत को स्वीकार नहीं किया।



यादव ने कहा, बाबा साहब ने इस व्यवस्था को तोड़ने के लिए शुरू से आवाज ही नहीं उठाई बल्कि जब देश आजाद हुआ तो संविधान बनकर उत्पीड़ित पीडीए समाज की रक्षा का कवच भी बना कर दिया। उन्होंने कहा प्रभुत्वादी और उनके संगी साथी सदैव आरक्षण के विरोधी रहे हैं। सदियों की पीड़ा और आरक्षण दोनों ही पीडीए को एक सूत्र करते हैं क्योंकि बाबा साहब संविधान और सामाजिक न्याय के सूत्रधार थे इसलिए ऐसे प्रभुत्वादी नकारात्मक लोगों को बाबा साहब हमेशा अखरते हैं। यादव ने यह भी कहा बाबासाहेब ने हर एक इंसान को एक मानव के रूप में अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आंदोलन में हिस्सा लेने की बात कही थी और खुद भी यह करके दिखाया था। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भी आत्म सम्मान के प्रेरणा स्रोत रहे इसलिए प्रबुद्धवादियों और उनके संगी साथी हर बार बाबा साहब और उनके बनाए संविधान के अपमान तिरस्कार की साजिश रचते हैं, जिससे कि पीडीए समाज मानसिक रूप से हतोत्साहित हो जाए और अपने अधिकार के लिए कोई आंदोलन न कर पाए।

सपा प्रमुख ने विश्वास जताते हुए कहा कि जाति जनगणना के बाद पीडीए समाज को गिनती के हिसाब से उनका हक और समाज में उनकी भागीदारी के अनुपात में सही हिस्सा मिल पाएगा। उन्होंने कहा, धन का सही वितरण भी तभी हो पाएगा, हर हाथ में पैसा आएगा, हर कोई सम्मान के साथ सिर उठाकर जी पाएगा और अपने जीवन में खुशियां और खुशहाली को महसूस कर पाएगा।

यादव ने अंत में अपील की, तो आइए मिलकर देश का संविधान और बाबा साहब का मान व आरक्षण बचाए तथा अपने सुनहरे नये भविष्य के लिए एकजुट हो जाएं।

# रोहित को अपनी रणनीति बदलकर छठे नंबर पर अधिक आक्रामक बल्लेबाजी करनी चाहिए : रवि शास्त्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मेलबर्न/भाषा।** कप्तान रोहित शर्मा जब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में रन बनाने का तरीका समझने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तब भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री का कहना है कि इस स्टाइलिश बल्लेबाज को स्पष्ट मानसिकता के साथ उतरना चाहिए और साथ ही अपनी रणनीति बदलकर गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामकता अपनानी चाहिए।



रोहित अपने दूसरे बच्चे के जन्म के समय परिवार के साथ रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट मैच नहीं खेल पाए थे। उम्मीद थी कि वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरेंगे लेकिन पर्थ में भारत की जीत में केएल राहुल की 77 रन की शानदार पारी के बाद बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया गया और रोहित को छठे नंबर पर उतारा गया।

हालांकि यह बदलाव रोहित के लिए फायदेमंद नहीं रहा क्योंकि वह पिछली तीन पारियों में 10, तीन और छह रन ही बना पाए हैं जबकि राहुल ने तीसरे टेस्ट में ब्रिसबेन में पहली पारी में 84 रन बनाकर मौके का फायदा उठाया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) समीक्षा पर शास्त्री ने कहा, ''मैं रोहित शर्मा को अच्छा करते हुए देखना चाहूंगा। उनकी रणनीति में थोड़ा बदलाव होना चाहिए क्योंकि वह अब भी इस छठे नंबर पर बेहद खतरनाक हो सकते हैं।''

क्रिकेटर से कमेंटेटर बने इस खिलाड़ी ने कहा, ''मुझे लगता है कि उसे अपनी मानसिकता में बहुत स्पष्ट होना चाहिए कि वह मैदान पर जाकर विपक्षी टीम पर आक्रमण करे और किसी और चीज की चिंता नहीं करे।''



शास्त्री को लगता है कि रोहित को रक्षात्मक मानसिकता से दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा, ''आप उनसे बस यही चीज नहीं चाहते कि उनके मन में दो तरह के विचार रहें कि उन्हें बचाव करना है या आक्रमण करना है। मुझे लगता है कि उन्हें आक्रमण करना चाहिए। उन्हें इस नंबर पर विपक्षी टीम पर आक्रमण करना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''क्योंकि अगर वह पहले 10-15 मिनट तक क्रीज पर टिके रहते हैं तो वह अपना स्वाभाविक खेल क्यों नहीं खेलते? और प्रतिद्वंद्वी टीम पर आक्रमण करें।'' शास्त्री को लगता है कि रोहित के लिए फॉर्म में वापस आने और भारत के लिए मैच जीतने का यह सबसे अच्छा तरीका है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि दुनिया में सबसे अच्छे छठे नंबर के वो बल्लेबाज हैं जो जवाबी हमला करने की क्षमता रखते हैं।

## उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में मिला बंद पड़ा पुराना मंदिर, विहिप ने किया जीर्णोद्धार का आग्रह

**बुलंदशहर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के खुर्जा शहर में एक बंद पड़ा पुराना मंदिर मिलने पर हिंदू संगठनों ने प्रशासन से मंदिर का जीर्णोद्धार करने का आग्रह किया है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और जाटव विकास मंच के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का अनुरोध किया ताकि धार्मिक गतिविधियों को फिर से शुरू किया जा सके। विहिप के मेरठ प्रांत के पदाधिकारी सुनील सोलंकी ने बताया कि यह मंदिर वर्ष 1990 से बंद है क्योंकि इस क्षेत्र में रहने वाले हिंदू परिवार पलायन कर गए थे। सोलंकी ने जोर देकर कहा कि जिला प्रशासन को एक ज्ञापन दिया गया है, जिसमें पूजा कराने के लिए मंदिर की सफाई और सौंदर्यीकरण का अनुरोध किया गया है। जाटव विकास मंच के अध्यक्ष कैलाश भागमल गौतम ने बताया कि मंदिर लगभग 50 वर्ष पुराना है, जिसे मूल रूप से जाटव समुदाय के सदस्यों द्वारा बनाया गया था।

### आंबेडकर से जुड़ी शाह की टिप्पणी पर

## कांग्रेस का उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति : मायावती

**लखनऊ/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने संसद में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के बारे में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की कथित अपमानजनक टिप्पणी पर रविवार को प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि इस मामले पर कांग्रेस का उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है।



बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अमित शाह द्वारा संसद में परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अनादर किए जाने को लेकर देश भर में लोगों में भारी आक्रोश है, लेकिन बाबासाहेब उपेक्षा व देशहित में उनके संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है। मायावती ने कांग्रेस के साथ ही सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए लिखा कि बाबा साहेब का नाम लेकर उनके अनुयाइयों के वोट मांगने की स्वार्थ की राजनीति करने में कांग्रेस व भाजपा समेत विभिन्न पार्टियां एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं।

## सुविचार

तुम रात को आसमान में बहुत सारे तारों को देखते हो लेकिन सूर्य निकलने के बाद तारे नहीं दिखते। क्या तुम कहोगे कि दिन में आसमान में तारे होते ही नहीं ? सिर्फ इसलिए क्योंकि तुम अपने अज्ञान की वजह से भगवान को देख नहीं पाते, ये मत कहो कि भगवान जैसी कोई चीज नहीं होती।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# शिक्षा प्रणाली और विद्यार्थी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने यह कहकर मौजूदा दौर की बहुत बड़ी जरूरत की ओर ध्यान दिलाया है कि 'शिक्षा प्रणाली को सीखने में बाधा नहीं, बल्कि सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करना चाहिए ... शिक्षा कोई व्यवसाय नहीं है, बल्कि अच्छे इंसान बनाने का एक व्रत है।' इससे यह सवाल भी पैदा होता है कि आज की शिक्षा कैसी होनी चाहिए? जो शिक्षा आज स्कूलों-कॉलेजों में दी जा रही है, उसका नतीजा सब जगह देखा जा सकता है। यह बहुत कम लोगों की आकांक्षाएं पूरी कर सकती है। शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य नौकरी हासिल करना (वह भी सरकारी), पेट भरना और सुख-सुविधाओं से युक्त जीवन जीना हो गया है। इसके बावजूद ये चीजें सबको नहीं मिल रही हैं। यह आज कई घरों की कहानी बन चुकी है। किसी परिवार में दो या तीन बच्चे हैं, सबने कॉलेज की डिग्रियां ले लीं, हर साल सरकारी नौकरियों के फॉर्म भर रहे हैं, कोचिंग ले रहे हैं, लेकिन चयन किसी का नहीं हो रहा है। माता-पिता उनकी शिक्षा पर लाखों रुपए खर्च कर चुके हैं। इसके बावजूद बच्चों के लिए नौकरियां नहीं हैं। एक के बाद एक परीक्षाओं में असफलता मिलने से घर में तनाव का माहौल रहता है। क्या किया जाए? कुछ समझ में नहीं आ रहा है। बच्चे सोशल मीडिया पर सेलिब्रिटीज को फॉलो करते हैं, जो महंगी कारों में घूमते हैं, विदेशों में मौज-मस्ती करते हैं, हमेशा खुश नजर आते हैं। उन्हें देखकर डिप्रेशन होने लगता है। वास्तव में हमारी शिक्षा प्रणाली में बहुत बड़े सुधारों की जरूरत है। अगर चालीस साल पहले कुछ बड़े सुधार कर दिए जाते तो आज ऐसी नौबत नहीं आती।

शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो अच्छे व जिम्मेदार नागरिक तैयार करे, वे खुशहाल माहौल में जीवन यापन करने में भी सक्षम हों। कोरी किताबी पढ़ाई और ज्यादा से ज्यादा अंक लाने की होड़ का नाम शिक्षा नहीं है। हमें बच्चों को यह भी सिखाना होगा कि जरूरतमंद की मदद करना, ईमानदार रहना, विनम्र व्यवहार करना, दूसरों की सुविधाओं का ध्यान रखना, स्वच्छता को बढ़ावा देना ... जैसे कार्य शिक्षा का हिस्सा हैं। अगर कोई विद्यार्थी बहुत अच्छे अंक लेकर आए, लेकिन उसके मन में दया व करुणा का भाव न हो तो उसे शिक्षित नहीं कहा जा सकता। 'सिर्फ सरकारी नौकरी' को रोजगार समझने की धारणा को अब बदलना ही चाहिए। इसकी शुरुआत स्कूली शिक्षा से होनी चाहिए। बच्चों को गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, हिंदी, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों के साथ रोजगार पर आधारित शिक्षा देनी होगी। एक ओर जहां हमारे देश की आबादी 142 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है, वहीं दूसरी ओर हमारे ही नौजवान बेरोजगार हैं! ऐसा कैसे संभव है? क्या बाजारों में मांग नहीं है? हर साल हमारे बाजारों से विदेशी कंपनियां अरबों रुपए कमा लेती हैं। क्या कारण है कि हमारे नौजवान इस अवसर का लाभ नहीं उठा पाते? इसका प्रमुख कारण है- हुनर न होना। आज के ज्यादातर नौजवान डिग्री लेकर कॉलेज से निकलते हैं तो उन्हें पता चलता है कि रोजगार हासिल करने के लिए यही पर्याप्त नहीं है। उसके बाद वे सरकारी नौकरियों की दौड़ में लग जाते हैं, कोचिंग करते हैं। इसमें कुछ ही लोगों को सफलता मिलती है, क्योंकि सरकारी नौकरियां ज्यादा नहीं हैं। इन परीक्षाओं में बार-बार फेल होने से मनोबल पर गहरा असर पड़ता है। अगर ये बच्चे स्कूली दिनों से ही इसके लिए तैयार किए जाएं कि हमें पढ़ाई के साथ कोई हुनर सीखना है, उसे आधुनिक विज्ञान के तौर-तरीकों के साथ आगे लेकर जाना है, तो बेरोजगारी कोई बड़ी समस्या ही न रहे। सरकार को इसके लिए कुछ करना चाहिए। अगर नौजवानों को उनके हुनर और योग्यता के अनुसार काम मिल जाएगा, तो कई समस्याएं अपनेआप दूर हो जाएंगी।

## ट्वीटर टॉक



राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय वसुंधरा राजे जी के काफिले की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना दु:खद है। मैं ईश्वर से आपकी एवं सभी के सकुशल होने और घायल पुलिसकर्मियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

-राज्यवर्धन सिंह राठौड़



मुंडारा से जोधपुर लौटते समय पीछे चल रही पुलिस की जीप के पलट जाने से पुलिसकर्मी रूपाराम जी, भागचंद जी, सूरज जी, नवीन जी व जितेंद्र जी घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को तुरंत एम्बुलेंस से राजकीय चिकित्सालय बाली पहुंचाया गया।

-वसुंधरा राजे



विश्व के सर्वश्रेष्ठ गणितज्ञों में अग्रणी, अपनी असाधारण प्रतिभा से भारत को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित करने वाले श्रीनिवास रामानुजन जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन एवं सभी प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय गणित दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

-भजनलाल शर्मा

## प्रेरक प्रसंग

# जीवन के उपदेश


एक बार की बात है, सुकरात का एक शिष्य विवाह करने को लेकर दुविधा में था। उसने अपने मित्रों, परिजनों और वरिष्ठजनों से सलाह भी ली। सभी ने अपनी-अपनी राय दी, लेकिन उनमें इतनी भिन्नता थी कि शिष्य भ्रमित हो गया। समाधान के लिए वह अपने गुरु सुकरात के पास पहुंचा और उनसे पूछा, 'गुरुदेव, क्या मुझे विवाह करना चाहिए?' सुकरात मुस्कराए और बोले, 'हां, तुम्हें विवाह अवश्य करना चाहिए।'

शिष्य ने आश्चर्य से पूछा, 'पर गुरुदेव, आपकी पत्नी तो बहुत झगड़ालू हैं। फिर भी आप मुझे विवाह की सलाह क्यों दे रहे हैं?' सुकरात ने हंसते हुए उत्तर दिया, 'किसी भी परिस्थिति में विवाह करना तुम्हारे लिए घाटे का सौदा नहीं होगा। यदि तुम्हें अच्छी पत्नी मिलेगी, तो तुम्हारा जीवन आनंदमय हो जाएगा। तुम्हें खुशी और प्रेरणा मिलेगी, जिससे तुम्हारी प्रगति होगी। परंतु यदि तुम्हें मेरी जैसी पत्नी मिली, तो वह तुम्हारे जीवन में इतनी चुनौतियां लाएगी कि तुम समस्याओं को सुलझाने में पारंगत हो जाओगे। कालांतर में एक महान विचारक भी बन सकते हो।'

## सामयिक

# किसानों की बुलंद आवाज थे चौधरी चरण सिंह

रमेश सर्राफ धमोरा
मोबाइल : 9414255034



**अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। आज किसानो कि हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानो को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था।**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह एक व्यक्ति नहीं विचारधारा थे। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। वो कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उन का कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वो देश कभी तरक्की नहीं कर सकता।

चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत प्रारम्भ की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोडने के समर्थन में चरण सिंह ने हिण्डन नदी पर नमक बनाया जिस पर उन्हे 6 माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह को गिरफ्तार कर डेढ़ वर्ष की सजा हुई।

जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक शिष्टाचार भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का एक बहुमूल्य दस्तावेज है। चौधरी चरण सिंह खुद एक छोटे से गांव में एक किसान के घर जन्मे थे। बचपन से ही उन्होंने गांव के किसानों, गरीबों के दुखः दर्द को नजदीकी से देखा जाना था। इसलिये उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी कहीं मौका मिलता वे गांव के किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। उनके दिल में हमेशा गांव के किसान ही बसे रहते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे। उन्होंने किसानों की खुशहाली के लिए खेती पर बल दिया था। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए भी वो बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का सम्पूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब सभी खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह की गिनती हमेशा एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और अपने अंतिम समय तक देश के गांव में रहने वाले किसानों, गरीबों, दलितो, पीड़ितों की सेवा में ही पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर खिलाफ थे। आज देश के किसान कर्ज में डूबे हुए हैं। उनको उनकी उपज का पूरा दाम नहीं मिल पाता है। अपनी खराब आर्थिक स्थिति के चलते देश में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहें हैं। केन्द्र व राज्य सरकारें भी किसानो के भले की योजनायें बना पाने में नाकाम रही है। चुनाव के समय राजनीतिक पार्टियां किसानो को झांसा देकर उनके वोट बटोर लेती है। फिर किसी का ध्यान किसानो की समस्याओं के समाधान करने की तरफ नहीं जाता है। ऐसे में आज देश के किसानो को चौधरी चरणसिंह जैसे सच्चे किसान हितैषी नेता की जरूरत है। जो उनके हक में खड़ा होकर किसानों की आवाज बुलन्द कर सके व उनका वाजिब हक दिला सके। चौधरी चरण सिंह भारतीय राजनीति में एक बड़े नेता थे। मगर इंदिरा गांधी के सहयोग से कुछ समय के लिये देश के प्रधानमंत्री बन कर उन्होने देश में पहली बार कांग्रेस के खिलाफ बने एक मजबूत गठबंधन को तोड़ा था। उससे उनकी प्रतिष्ठा को भी गहरा आघात पहुंचा था।

चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनके बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया।

चरण सिंह स्वभाव से भी कृषक थे तथा कृषक हितों के लिए अनवरत प्रयास करते रहे। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। उत्तर प्रदेश के किसान चरण सिंह को अपना रहनुमा मानते थे। उन्होंने कृषकों के कल्याण के लिए काफी कार्य किए। लोगों के लिए वो एक राजनीतिज्ञ से ज्यादा सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनके भाषण को सुनने के लिये उनकी जनसभाओं में भारी भीड़ जुटा करती थी।

किसानों में चौधरी साहब के नाम से मशहूर चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। तब 1967 में पूरे देश में साम्प्रदायिक दंगे होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता भी नहीं हिल पाया था। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केन्द्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केन्द्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने। चौधरी चरण सिंह एक कुशल लेखक भी थे। उनका अंग्रेजी भाषा पर अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन भी किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहान्त हुआ तो देश के किसानो ने सरकार में पैरवी करने वाला अपना नेता खो दिया था। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलन्द करते हुये आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अन्त ही देश को आगे ले जा सकता है।

अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परम्परा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है।

आज किसानो कि हालात को देखकर चौधरी चरणसिंह जैसे देश के बड़े किसान नेता की याद आना स्वाभावित ही है। मौजूदा समय में चौधरी चरणसिंह जैसा नेता होता तो किसानो को उनका वाजिब हक मिलने से कोई नहीं रोक सकता था। चौधरी चरण सिंह जैसे किसानो के बड़े नेता द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों को देखते हुए वर्षो पूर्व ही उनको भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिये था। मगर सरकारों की अनदेखी के चलते उनको वर्षों तक उचित सम्मान नहीं मिल पाया। नरेन्द्र मोदी सरकार ने चौधरी चरण सिंह जैसे सच्चे बड़े व सच्चे किसान नेता को भारत रत्न प्रदान कर सच्ची श्रृद्धांजलि अर्पित की है। इससे देश के करोड़ों किसानों के साथ ही सरकार का भी सम्मान बढ़ा है।

## नजरिया

# झूठ, दिखावा, भ्रामकता के शिकंजे में उपभोक्ता

डॉ. प्रितम भि. गेडाम
मोबाइल : 082374 17041

ग्राहक धोखाधड़ी ऐसी समस्या है जिसका जाने-अनजाने में हम नित्य शिकार होते है, लेकिन बहुत बार हम जानकर भी अनसुना करते है, या ज्यादा गंभीरता नहीं दर्शाते, परंतु इसका बहुत गहरा प्रभाव होता है और जानमाल का नुकसान होकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था प्रणाली को आघात पहुँचता है। आम इंसान के रोजमर्रा के उपयोग में आनेवाली चीज वाहन का ईंधन है। पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमत और मापन पर संदेह हमेशा आम जनता को परेशान करते हैं। अनेक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के बाद वहां गाड़ी के टायरों में हवा भरवाते वक्त कर्मचारी हवा चेक करने के लिए पैसे लेते हैं, जबकि पेट्रोल की कीमत में कुछ सेवाएं मुफ्त दी जाती है, जैसे - शौचालय का प्रयोग, पिने का पानी, टायरों में मुफ्त हवा, इंधन के गुणवत्ता और मात्रा की जांच, प्राथमिक चिकित्सा किट, शिकायत पुस्तिका, आपातकालीन कॉल। इन सेवाओं का चार्ज पेट्रोल विक्रेता के कमीशन में जोड़कर ही हमें पेट्रोल बेचा जाता हैं। यह सेवाएं पेट्रोल पंप पर मिलना अनिवार्य है अन्यथा ग्राहक सेवा में अवरोध निर्माण करने के लिए ऐसे पंपों के विरुद्ध शिकायत दर्ज की जा सकती है।

भारत में हर साल 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। उपभोक्ता अधिकार अधिनियम 24 दिसंबर 1986 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा पारित किया गया था। तभी से 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार, प्रत्येक भारतीय उपभोक्ता को सुरक्षा, सूचना, विकल्प, कहना, शिकायत व निवारण और उपभोक्ता अधिकार शिक्षा जैसे छह अधिकार मिले हैं। हम आधुनिक दुनिया के उस पड़ाव पर आ चुके है जहां हर ओर अंधाधुंध भागदौड, प्रतिस्पर्धा, टकराव नजर आता है। उत्पादों के केवल ऊपरी आवरण को खूबसूरत बनाकर बेचने का चलन चल पड़ा है। ग्राहक भी समय और पैसों की बचत की खातिर क्वालिटी के बजाय क्वांटिटी को प्राथमिकता देता है, परंतु जो पैसे खर्च हो रहे है उस मुताबिक उत्पाद ग्राहक को मिल रहे है?

आज के समय में मिलावटखोरी और उत्पाद की निम्न गुणवत्ता अपने उच्च स्तर पर है, आज के समय में किसी भी उत्पाद की गारंटी बड़ी मुश्किल है। एक दशक पहले वाहन, यंत्र, यांत्रिक साधन, घरेलू उपकरण या उनके पार्ट्स गारंटी से ज्यादा बरसों तक चलते हमने देखा है, लेकिन अभी ऐसे कमजोर उत्पाद बन रहे है जैसे उनका कोई भविष्य ही न हो। महंगाई के हिसाब से उत्पादों के दाम तो आसमान छूते है पर गुणवत्ता के नाम पर वे कहीं नहीं टिकते, कुछ समय में ही उत्पाद भंगार बन जाते है। पहले ग्राहकों को सीमित साधनों में गुणवत्ता मिलती थी, अब मार्केट में उपलब्ध असीमित साधनों में से



गुणवत्ता ढूंढने पर भी नजर नहीं आती।

देशभर में साइबर अपराध तो अभी अपने चरम पर है, रोजाना ढेरों केस देखने-सुनने को मिलते है, हमें एसएमएस द्वारा फेक वेबसाइट की लिंक भेजी जाती है, अनेक फेक कॉल, ईमेल आते है, व्हाट्सएप पर भी देश-विदेश के नये-नये नंबर से मैसेज आते है। हमारी डिजिटल गतिविधियों की जानकारी रिकॉर्ड होती है, इस डिजिटल युग में हमारी निजी जानकारी दुनियाभर में फैली है। आजकल डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं भी बहुत होने लगी है। साइबर धोखाधड़ी की घटनाओं की संख्या वित्त वर्ष 2023 में 75,800 मामलों के साथ हानि की राशि 421.4 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 2,054.6 करोड़ राशि हो गई। 2024 के पहले चार महीनों में, भारतीयों को साइबर अपराधियों के कारण 1,750 करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर 740,000 शिकायतें दर्ज की गईं। 76,000 फर्जी वेबसाइटों के जरिए 8 लाख से ज्यादा लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं। नए तरीकों का इस्तेमाल करने वाले स्कैमर्स के कारण ऑनलाइन धोखाधड़ी बढ़ रही है।

सभी सोशल मीडिया ने अपनी गुणवत्ता और विश्वसनीयता को बनाये रखने के लिए कड़े नियम बनाये है, फिर भी योग्य रूप से क्रियान्वयन नहीं किया जा रहा है। बहुत बार देखा गया है कि सामान्य लोगों की अच्छी पोस्ट को स्कैम का नाम देकर उसे डिलीट किया जाता है और झूठे विज्ञापनों, अनुचित पोस्ट से सोशल मीडिया भरा रहता है। ऑनलाइन कोई भी उत्पाद खोजते समय फ्रॉड वेबसाइट भी नजर आते है, जिस पर उत्पाद की झूठी कीमत दर्शाकर ग्राहकों को खुलेआम लुटा जाता है। ऐसे झूठे ई-कॉमर्स वेबसाइट पर बैन क्यों नहीं लगता? लोग अक्सर ऐसे वेबसाइट के भ्रामक विज्ञापन और सस्ते कीमत के चलते फंस जाते हैं।

जान बचाने वाली दवाएं भी अब जान लेने वाली बन गयी है, ग्राहक ने किस पर भरोसा करना किस पर नहीं? हाल ही में एशिया के बड़े अस्पतालों में शुमार नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में हजारों मरीजों को नकली दवा बाँटी गयी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नकली दवाएं दुनिया के दवा व्यापार का 10 प्रतिशत हिस्सा बनाती है, नकली दवाओं का वैश्विक बाज़ार 200 बिलियन डॉलर का है और इनमें से 67 प्रतिशत नकली दवाओं को मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना जाता है। भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, भारत में 5 प्रतिशत दवाएं नकली हैं। एसोचैम के 2022 में किये गए एक अध्ययन के अनुसार भारत में 25 प्रतिशत दवाएँ नकली या अत्यंत निम्न दर्जे की हैं।

क्रिसिल और ऑथेंटिकेशन सॉल्यूशन प्रोवाइडर्स एसोसिएशन की एक संयुक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बिकने वाले सभी उत्पादों में से लगभग 25-30 प्रतिशत नकली उत्पाद हैं, नकली सामान परिधान 31 प्रतिशत, एफएमसीजी 28 प्रतिशत, और ऑटोमोटिव 25 प्रतिशत में सबसे अधिक प्रचलित है, ये शीर्ष खंड हैं जहां उपभोक्ताओं को नकली उत्पाद मिलते हैं, इसके बाद फार्मास्यूटिकल्स 20 प्रतिशत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं 17 प्रतिशत, कृषि रसायन 16 प्रतिशत है। फिक्की अनुसार, दवा, मसाले, शिशु आहार, मिनरल वाटर, सॉफ्टवेयर, सिगरेट, शराब, सोने के बिस्कुट और विलासिता के सामान सहित अधिकांश उत्पाद श्रेणियों में नकली उत्पाद पाए जा सकते हैं। फिक्की कैस्केड की रिपोर्ट है कि नकली उत्पादों के जालसाजी के कारण करों में वार्षिक हानि अरबों रुपये में होने का अनुमान है। नकली ऑटो पार्ट्स सड़क दुर्घटनाओं में 20 प्रतिशत का योगदान देते हैं और भारत में बिकने वाली हर तीन एंटीबायोटिक दवाओं में से एक नकली है। हम कभी देसी घी, शहद, केसर जैसे खाद्यपदार्थ भी खरीदते है तो लोग कहते है कि शुद्ध नहीं खरीदा होगा, मतलब लोगों को मार्केट के मिलावटखोरी पर हमसे ज्यादा यकीन हैं।

इन सभी समस्याओं पर केवल हमारी जागरूकता और तत्परता ही अंकुश लगा सकती हैं। सेवा, टिकट, गहने या कोई भी वस्तु की खरीदी हों, उपभोक्ता अधिकार के प्रति सचेत रहें। उत्पाद खरीदते वक्त सरकार द्वारा निर्देशित नियमों का कड़ाई से पालन करें। कोई भी उत्पाद लेने से पहले सोचें-समझें, उत्पाद पर प्रकाशित सुचना पढ़ें, प्रमाणित केंद्र से ही उत्पाद जांच परखकर खरीदें। उत्पाद का पक्का बिल लें। भ्रामक विज्ञापनों के उत्पाद खरीदने से बचें। उत्पाद संबंधी समस्या होने पर विक्रेता से बात करें, अगर निर्धारित नियम अनुसार विक्रेता सहायता नहीं करता है, तो ऐसी स्थिति में सरकार हमारी मदद के लिए तैयार हैं। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग मंत्रालय के इस वेबसाइट पर जाकर https://consumerhelpline.gov.in/public/ ग्राहक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते है। राष्ट्रीय ग्राहक हेल्पलाइन 1800114000 या 1915 नंबर पर कॉल कर सकते हैं। व्हाट्सएप से भी संपर्क कर सकते हैं, 880000 1915 नंबर पर मैसेज भेज सकते हैं। एनसीएच या उमंग एप्प डाउनलोड करके भी वहां से मदद पा सकते हैं। साइबर धोखाधड़ी होने पर राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल www.cybercrime.gov.in या साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें। उपभोक्ता न्यायालय विशेष रूप से उपभोक्ता अधिकार संरक्षण के लिए हैं। सभी मंत्रालय, विभिन्न विभाग, रेलवे, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया अपने-अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को शिकायत होने पर न्याय देने हेतु कटिबद्ध है, इसके अलावा भी अनेक स्वयंसेवी संगठन संस्थान, फोरम एवं इत्यादि ग्राहक सेवा हेतु मदद करते हैं।

**जान बचाने वाली दवाएं भी अब जान लेने वाली बन गयी है, ग्राहक ने किस पर भरोसा करना किस पर नहीं? हाल ही में एशिया के बड़े अस्पतालों में शुमार नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में हजारों मरीजों को नकली दवा बाँटी गयी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, नकली दवाएं दुनिया के दवा व्यापार का 10 प्रतिशत हिस्सा बनाती है, नकली दवाओं का वैश्विक बाज़ार 200 बिलियन डॉलर का है और इनमें से 67 प्रतिशत नकली दवाओं को मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना जाता है। भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुमान के अनुसार, भारत में 5 प्रतिशत दवाएं नकली हैं।**

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अल्लू अर्जुन ने प्रशंसकों से जिम्मेदारी से अपनी भावनाएं व्यक्त करने का आग्रह किया

नयी दिल्ली। तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन ने संध्या थिएटर भगदड़ मामले में अपने खिलाफ लगे नए आरोपों के बीच रविवार को प्रशंसकों से अपील की कि वे ऑनलाइन और ऑफलाइन किसी भी तरह की अपमानजनक टिप्पणी ना करें। हैदराबाद में चार दिसंबर को सिनेमा हॉल में भगदड़ जैसी स्थिति के दौरान 35 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई और उसका आठ वर्षीय बेटा घायल हो गया, जब हजारों प्रशंसक उनकी हालिया रिलीज फिल्म पुष्पा 2: द रूल के प्रीमियर पर अभिनेता की एक झलक पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे थे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि पुलिस की अनुमति न मिलने के बावजूद अर्जुन फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान थिएटर गए, हालांकि अभिनेता ने इस आरोप से इनकार किया। रविवार को, अर्जुन ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के लिए सावधानी बरतने की बात कही। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा, मैं अपने सभी प्रशंसकों से हमेशा की तरह जिम्मेदारी से अपनी भावनाओं को व्यक्त करने और ऑनलाइन और ऑफलाइन किसी भी तरह की अपमानजनक भाषा या टिप्पणी ना करने की अपील करता हूं। अभिनेता ने पोस्ट में कहा, फर्जी आईडी और फर्जी प्रोफाइल के साथ मेरे प्रशंसकों के रूप में गलत तरीके से पेश आने पर, अगर कोई अपमानजनक पोस्ट करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मैं प्रशंसकों से अनुरोध करता हूं कि वे ऐसे पोस्ट से न जुड़ें। मुख्यमंत्री रेड्डी द्वारा अर्जुन पर आरोप लगाए जाने के कुछ घंटों बाद, अभिनेता ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि यह सच नहीं है, बल्कि पुलिस उनके लिए रास्ता साफ कर रही थी और वह उनके निर्देश पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना उन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि उन्होंने भीड़ को देखकर हाथ हिलाते हुए रोड शो किया था।

## विरोध मार्च



पटना में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कथित अपमानजनक बयान के खिलाफ विरोध मार्च निकाला।

# शाश्वत रहेगा प्रेम : जाकिर हुसैन के निधन के बाद उनके परिवार ने पहली इंस्टाग्राम 'पोस्ट' में कहा

नयी दिल्ली/दक्षिण भारत। जाने माने तबला वादक जाकिर हुसैन को सैन फ्रांसिस्को में सुपुर्द-ए-खाक किए जाने के कुछ दिनों बाद उनके परिवार ने रविवार को उनके आधिकारिक 'इंस्टाग्राम अकाउंट' पर एक मार्मिक 'पोस्ट' साझा की। प्रसिद्ध तबला वादक हुसैन का फेफड़ों से संबंधित रोग 'इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस' से उत्पन्न जटिलताओं के कारण 15 दिसंबर को अमेरिकी शहर सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में निधन हो गया था। वह 73 वर्ष के थे। तबला वादक के परिवार ने उनके 'इंस्टाग्राम अकाउंट' से एक श्वेत-श्याम चित्र साझा किया। यह हुसैन, उनकी पत्नी एंटोनिया मिनेकोला और बेटियों अनीसा एवं इसाबेला के हाथों का चित्र है। तस्वीर में चारों ने एक-दूसरे के हाथों को थाम रखा है। इंस्टाग्राम पर साझा किए गए 'पोस्ट' में 'कैप्शन' लिखा है, शाश्वत रहेगा प्रेम। इस पोस्ट को अब तक इंस्टाग्राम पर करीब 25,000 'लाइक' एवं लगभग 1,100 'कमेंट' मिल चुके हैं और इसे 300 से अधिक बार साझा किया गया है। हुसैन के 'शक्ति' बैंड में उनके साथी शंकर महादेवन, संगीतकार कर्ष काले, अंकुर तिवारी, हरिहरन और पाकिस्तानी कलाकार अली सेठी समेत तबला वादक के कई 'फॉलोवर' से इस 'पोस्ट' को साझा किया है। विश्व के सबसे महान तबला वादकों में से एक हुसैन को बृहस्पतिवार को सैन फ्रांसिस्को के फर्नवुड कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के पुत्र जाकिर हुसैन का जन्म नौ मार्च 1951 को हुआ था। उन्हें उनकी पीढ़ी के सबसे महान तबला वादकों में से एक माना जाता है। हुसैन ने अपने करियर में पांच ग्रैमी पुरस्कार जीते, जिनमें से तीन इस साल की शुरुआत में 66वें ग्रैमी पुरस्कार में मिले थे।



# फिल्म पुष्पा 2 द रूल ने भारतीय बाजार में 1000 करोड़ रुपए की कमाई की

**मुंबई/एजेन्सी**

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' ने भारतीय बाजार में 1000 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। सुकुमार के निर्देशन में बनी पुष्पा 2 : द रूल 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज हुयी थी।'पुष्पा 2 द रूल' घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ दुनियाभर में रिकॉर्डतोड़ कमाई कर रही है। पुष्पा 2 द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है।फिल्म ने 16 दिनों में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये के क्लब में जगह बना ली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार पुष्पा 2 द रूल ने भारत में 16 दिनों में हिंदी भाषा ने 632.6 करोड़, तेलुगु ने 297.8 करोड़, तमिल में 52.8 करोड़, कन्नड़ में 7.16 करोड़ और मलयालम में 13.99 करोड़ की कमाई की है।इस तरह यह फिल्म भारतीय बाजार में 1004.35 करोड़ की कमाई कर चुकी है। पुष्पा: द राइज के सीक्वल पुष्पा 2: द रूल का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है और इसका संगीत टी-सीरीज ने दिया है।

# ब्रिटेन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बने देशों की सूची में चीन को ऊपर रखा जाना चाहिए : प्रीति पटेल

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**
dakshinbharat.com

लंदन। ब्रिटेन की छाया विदेश मंत्री प्रीति पटेल ने रविवार को कहा कि चीन को उन देशों की सूची में ऊपर रखा जाना चाहिए जो ब्रिटेन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। केमी बेडेनोच के नेतृत्व वाली विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी की भारतीय मूल की अग्रणी सदस्य पटेल (52) ने उस हाल के स्कैंडल का भी उल्लेख किया, जो एक कथित चीनी जासूस को महाराजा चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई प्रिंस एंड्रयू के माध्यम से बकिंघम पैलेस के हलकों तक पहुंच प्राप्त होने से संबंधित है। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा पर चीन के साथ व्यापार संबंधों को प्राथमिकता देने के लिए लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और उनके मंत्रिमंडल पर निशाना साधा।

प्रीति पटेल ने 'द संडे टाइम्स' के साथ एक साक्षात्कार में कहा, यह स्पष्ट रूप से जटिल विधान है, लेकिन चीन हमेशा इसमें ऊपर रहना चाहिए। उनसे पूछा गया था कि क्या चीन को प्रस्तावित विदेशी प्रभाव पंजीकरण योजना में रखा जाना चाहिए।

यह सूची इस तरह से प्रस्तावित की गई है कि विदेशी शक्तियों के लिए काम करने वाले सभी लोगों को किसी भी सुरक्षा जोखिम से बचने के लिए इसका खुलासा करना चाहिए कि वे किसके लिए 'लॉबिंग' करते हैं। उन्होंने कहा, हमारा मुकाबला एक असाधारण शासन से है, जिसने एक दशक से अधिक समय से, काफी स्पष्ट रूप से, राष्ट्रीय सुरक्षा, बौद्धिक संपदा, साइबर गतिविधि और गलत सूचना के माध्यम से हमारे देश में सभी प्रकार की घुसपैठ की है। कोविड अवधि के दौरान, गलत सूचना, दुष्प्रचार, उल्लेखनीय थे। और फिर, निश्चित रूप से जासूस हैं। पूर्व गृह मंत्री पटेल ने कहा कि वह चीनी वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म 'टिकटॉक' को लेकर संशय में हैं और ब्रिटेन में इस पर प्रतिबंध लगाने में अमेरिका के साथ शामिल होने पर विचार करना चाहेंगी। पटेल ने 2018 में टॉवर ऑफ लंदन के पास खरीदी गई जमीन पर चीन द्वारा नियोजित एक नये तथाकथित सुपर दूतावास को लेकर भी चिंता व्यक्त की। हालांकि पुलिस और निवासियों की आपत्तियों के बाद 2022 में स्थानीय टॉवर हैमलेट काउंसिल द्वारा प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया था, लेकिन अब आवेदन को ब्रिटेन की उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर द्वारा समीक्षा के लिए आगे बढ़ाया गया है। पटेल ने 'द संडे टाइम्स' से कहा, यह मुझे पूरी तरह से भयभीत करता है कि एंजेला रेनर निर्णय लेने की प्रभारी हैं। मुझे लगता है कि देश को भी इस बारे में काफी चिंतित होना चाहिए।



# हिन्दी में रिलीज होगी 'बघीरा'

**मुंबई/एजेन्सी**

वर्ष 2024 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म बघीरा का वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर हिंदी में 25 दिसंबर, को डिज्नी+ हॉटस्टार पर होगा। केजीएफ, कांतारा और सालार जैसी जबर्दस्त फिल्में लाने के बाद होम्बले फिल्म्स ने बघीरा के साथ उत्कृष्टता में अपनी विरासत को जारी रखा है। यह फिल्म दीवाली के दौरान सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और 2024 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म बनी। यह थ्रिलर फिल्म अब दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचने के लिये तैयार है। 25 दिसंबर, को डिज्नी+ हॉटस्टार पर इसका वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर होने जा रहा है, जिसकी स्ट्रीमिंग हिन्दी में होगी। बघीरा का निर्देशन डॉ. सूरी और लेखन प्रशांत नील ने किया है। यह एक गोल्ड मेडलिस्ट आईपीएस ऑफिसर वेदांत (श्रीमुरली) की कहानी है, जो न्याय व्यवस्था की सीमाओं से दुखी होकर खुद ही गलत काम करने वालों को सजा देने का फैसला कर लेता है। बघीरा का मास्क पहनकर वेदांत एक ताकतवर खलनायक (गुरुदा राम) और एक निर्दयी सीबीआई ऑफिसर (प्रकाश राज) के खिलाफ इंसाफ की लड़ाई लड़ता है। बघीरा में धमाकेदार एक्शन, भावनाओं की गहराई और शानदार कलाकार हैं। रुक्मणी वसंत, रंगयाना रघु और अच्युत कुमार के साथ यह फिल्म दमदार सिनेमा के लिये होम्बले फिल्म्स की प्रतिबद्धता दिखाती है।

होम्बले फिल्म्स के प्रोड्यूसर विजय किरागंडूर ने कहा, ''केजीएफ से लेकर बघीरा तक होम्बले फिल्म्स का लक्ष्य हमेशा से दुनिया को पसंद आने वाली कहानियाँ लाने का रहा है। इन कहानियों की इंटेंसिटी गजब की होती है। हम बहुत खुश हैं कि बघीरा ना सिर्फ साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म बनी बल्कि अब डिज्नी+ हॉटस्टार के जरिये यह हिन्दी में ज्यादा दर्शकों तक पहुँचेगी। इस क्रिसमस के मौके पर दर्शकों के लिये होमबेल फिल्म्स के जादू का अनुभव करने का यह बढ़िया मौका है।''

वेदांत की भूमिका निभा रहे श्रीमुरली ने कहा, ''वेदांत का किरदार निभाने में एक सिद्धांतवादी ऑफीसर से लेकर एक सतर्क नागरिक बन जाने तक उसका सफर दिखाना चुनौतीपूर्ण होने के साथ ही सुखद भी था। मैं उत्साहित हूं कि सिनेमाघरों में हुए रिलीज को शानदार प्रतिक्रिया मिलने के बाद बघीरा अब डिज्नी+ हॉटस्टार पर हिन्दी में दिखाई जाएगी। इससे ज्यादा से ज्यादा दर्शक इस फिल्म का आनंद उठाएंगे।''



# आमिर खान और नाना पाटेकर ने वनवास के लिए स्पेशल पॉडकास्ट की शूटिंग की

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट और दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर ने फिल्म वनवास के लिये स्पेशल पॉडकास्ट की शूटिंग की है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी नाना पाटेकर की फिल्म वनवास को ज़ी स्टूडियोज़ ने 20 दिसंबर को रिलीज किया है।इस फिल्म में उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर भी अहम भूमिकाओं में हैं।

फिल्म वनवास की रिलीज से पहले यह खबर आई थी कि नाना पाटेकर, आमिर खान के साथ एक खास पॉडकास्ट रिकॉर्ड करेंगे।

आज, दोनों सितारे जुहू, मुंबई में पॉडकास्ट की शूटिंग करते हुए एक साथ देखे गए।यह पॉडकास्ट नाना पाटेकर और आमिर खान के साथ वनवास पर चर्चा करेगा, जो परिवार, सम्मान और आत्म-स्वीकृति जैसे विषयों को आधुनिक तरीके से पेश करता है।




# फिल्म 'सुरक्षा' की स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा पर 27 से

**मुंबई/एजेन्सी**

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार यश कुमार की एक्शन फिल्म सुरक्षा की स्ट्रीमिंग 27 दिसंबर से जियो सिनेमा पर होगी। फिल्म सुरक्षा का ट्रेलर हाल ही में वर्ल्ड वाइडरिकॉर्ड भोजपुरी के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। ट्रेलर में यश कुमार का शानदार एक्शन अवतार और दमदार डायलॉग्स देखने को मिल रहा हैं। फिल्म सुरक्षा जियो स्टूडियोज प्रस्तुत है।

इस फिल्म की निर्माता ज्योति देशपांडे और महनकली दिवाकर हैं। निर्देशन राज किशोर प्रसाद (राजू) ने किया है। यश कुमार ने कहा, सुरक्षा एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों को एक्शन, इमोशन और ड्रामा का शानदार अनुभव देगी। फिल्म की कहानी और मेरी भूमिका ने मुझे कुछ नया करने का मौका दिया। मुझे यकीन है कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों को छू जाएगी।

उन्होंने कहा,फिल्म 'सुरक्षा' सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक अनुभव है, जिसे हर दर्शक को देखना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आप सभी से आग्रह है कि 27 दिसंबर को जियो सिनेमा पर इसे जरूर देखें और अपना प्यार और आशीर्वाद दें।

वहीं, फिल्म के निर्देशक राज किशोर प्रसाद (राजू) ने 'सुरक्षा' को साल 2024 की विदाई पर दर्शकों के लिए एक खास तोहफा बताया। उन्होंने कहा, यह फिल्म सिर्फ एक एक्शन ड्रामा नहीं है, बल्कि इसमें समाज और परिवार के प्रति जिम्मेदारी का भी संदेश छिपा है। यश कुमार और पूरी टीम ने शानदार काम किया है, और मुझे यकीन है कि दर्शकों को यह फिल्म बेहद पसंद आएगी।

27 दिसंबर को जियो सिनेमा पर इसे जरूर देखें और इसे खास बनाएं। यह फिल्म पुराने साल को अलविदा कहने और नए साल का स्वागत करने का एक बेहतरीन जरिया होगी।

फिल्म सुरक्षा में यश कुमार के साथ सुदीक्षा झा मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म के गाने को यश कुमार, प्रियंका सिंह, आलोक कुमार और खुशबू जैन ने गाया है। फिल्म के गीतकार मुन्ना दुबे और राजेश मिश्रा हैं, जबकि संगीत मुन्ना दुबे ने तैयार किया है।

## खुशी



इंफाल में रविवार को मणिपुर के इंफाल घाटी में प्रार्थना के बाद लोग खुशी के भाव के साथ एमबीसी चर्च से बाहर निकलते हुए।

# 'लव इज फॉरएवर' की कहानी बेहद अच्छी : रूसलान

**मुंबई/एजेन्सी**

अभिनेता रूसलान मुमताज का कहना है कि उन्हें हॉरर फिल्म देखने का बहुत शौक है और जब उन्हें फिल्म 'लव इज़ फॉरएवर 'काऑफर आया तो उन्होंने बिना कहानी सुने ही फिल्म में काम करने के लिये हां कर दी थी। हॉरर फिल्म 'लव इज़ फॉरएवर' 10 जनवरी को रिलीज होने जा रही है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान फिल्म के लीड एक्टर्स रुसलान मुमताज, कर्णिका मंडल और राहुल डी कुमार ने फिल्म से जुड़े अपने खास अनुभव शेयर किए। फिल्म में खास किरदार निभा रहेरुसलान मुमताज ने फिल्म के बारे में बताया कि यह एक एक अलग तरह की लव स्टोरी है। इसमें एक कपल को कोई परेशान कर रहा है। जब भी दोनों कपल साथ होने की कोशिश करते हैं, कुछ हादसे होते रहते हैं, जिससे दोनों डिस्टर्ब हो जाते हैं। वह कौन है, यह पूरी फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा।



रुसलान मुमताज ने बताया कि उन्हें हॉरर फिल्म देखने का बहुत शौक है। उन्होंने कहा,मैंने अब तक फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाए हैं, इस फिल्म में भी मेरा किरदार काफी अलग है। लेकिन मैंने कभी हॉरर फिल्म नहीं की थी। मुझे हॉरर फिल्म देखने का बहुत शौक है। इस फिल्म का जब ऑफर आया तो मैंने बिना स्टोरी सुने ही हां कर दी थी। बाद में फिल्म की स्टोरी सुनी तो बहुत ही दिलचस्प लगी।

कर्णिका मंडल ने कहा कि यह एक ट्रांयगल लव स्टोरी फिल्म है। इसमें ऐसे बहुत सारे सिचुएशन आते हैं, जिसे देखकर दर्शक चौंक जाएंगे। उन्होंने कहा- फिल्म में जब कपल हनीमून पर जाते हैं तो कभी लड़के और कभी लड़की के साथ कुछ ना कुछ होता रहता है।

ऐसी कोई तीसरी शक्ति है जो इनको एक होने से रोकती है, वह कौन है। यह फिल्म देखने के बाद पता चलेगा। राहुल डी कुमार ने बताया कि फिल्म देखने के बाद दर्शकों को शाहरुख खान की 'डर' और नाना पाटेकर की फिल्म 'अग्नि साक्षी' की याद आएगी, लेकिन यह फिल्म उससे काफी अलग है। फिल्म के शूटिंग के दौरान की बहुत अच्छी जर्नी रही है। रुसलान मुमताज के साथ काम करके बहुत ही अच्छा अनुभव रहा है। फिल्म में उन्होंने बहुत ही अच्छा काम किया है। एक्ट्रेस कर्णिका मंडल का भी फिल्म में एक अलग ही अवतार देखने को मिलेगा।

'लव इज़ फॉरएवर' को दक्षिण भारतीय सिनेमा के चर्चित निर्देशक एस.श्रीनिवास ने निर्देशित किया है।सॉफ्ट टच एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म 'लव इज फॉरएवर' 10 जनवरी 2025 को हिंदी,तमिल और तेलुगु में एक साथ रिलीज होगी। इस फिल्म में रुसलान मुमताज, कर्णिका मंडल और राहुल डी कुमार के अलावा मुश्ताक खान, गार्गी पटेल, गरिमा अग्रवाल, जावेद हैदर, सलीम मुनव्वर, मोहम्मद सलीम मुल्लानवर और चंद्रप्रकाश ठाकुर की मुख्य भूमिकाएं है।

# संगीत की दुनिया में मेरे लिए पिता समान थे रफी, बाप-बेटे की तुलना नहीं हो सकती : सोनू निगम

मुंबई। मोहम्मद रफी को संगीत की दुनिया में पिता तुल्य मानने वाले गायक सोनू निगम ने उनसे अपनी तुलना को लेकर कहा है कि बाप-बेटे के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती। निगम ने 24 दिसंबर को आने वाली रफी की 100वीं जयंती से पहले कहा कि वह जो भी गाते हैं, अपने उस्ताद जैसा नहीं गाते। निगम ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, रफी साहब बेजोड़ थे। वह कव्वाली, भजन, उदासी भरे, सुरों के उतार-चढ़ाव वाले, सेमी-क्लासिकल गीत गा सकते थे। एक गायक को ऐसा ही होना चाहिए। वह मेरे लिए प्रेरणास्रोत थे। निगम के गायक माता-पिता अगम और शोभा ने उन्हें रफी जैसा गीतकार बनने के लिए प्रोत्साहित किया था। निगम ने कहा, मैं आज जो कुछ भी हूं, वह बनने में उनसे (रफी) मुझे बहुत मदद मिली है और मैं अब भी उनसे सीखता रहता हूं। वह संगीत की



दुनिया में मेरे लिए पिता समान हैं।

निगम (51) की तुलना अकसर रफी से की जाती है। उन्होंने अपने करियर का पहला गाना चार वर्ष की आयु में 1977 में आई फिल्म हम किसी से कम नहीं में क्या हुआ तेरा वादा गाया था । निगम रफी की 100वीं जयंती के मौके पर मंगलवार को मुंबई में एक विशेष संगीत कार्यक्रम के साथ अपने गुरु को श्रद्धांजलि देंगे। निगम रफी से अपनी तुलना को सही नहीं मानते।

उन्होंने कहा, तुलना करने वालों को यह समझना होगा कि वह मेरे लिए पिता तुल्य हैं। आप पिता और पुत्र की तुलना नहीं कर सकते। पिता सदैव पिता ही रहेगा। चाहे मैं कुछ भी गाऊं, उनके जैसा कभी नहीं बन पाऊंगा।' उन्होंने कहा कि वह अपने आदर्श से कभी नहीं मिल पाए लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। निगम ने कहा, वह हमेशा मेरे में बसे हैं, इसलिए मुझमें वास्तव में उनसे न मिल पाने की कसक नहीं है। उन्होंने कहा, मैं इस बात से अभिभूत और विनम्र महसूस करता हूं कि मुझे उनके 100वें जन्मदिन पर उनके गीत गाने का मौका मिल रहा है। देव आनंद, शम्मी कपूर, गुरुदत्त, धर्मेंद्र और कई अन्य प्रमुख सितारों को अपनी आवाज देने वाले रफी का 1980 में 55 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जीव को प्रबल पुण्याई से ही दुर्लभ मनुष्य जीवन मिलता है। उसमे भी हमारा सौभाग्य है कि हम जिनवाणी श्रवण करने हेतु यहा उपस्थित हुए है। कर्मवाद के सिद्धांत से अपने- अपने कर्मानुसार हर जीव सुख- दुःख भोगता है। सुख- दुःख का कर्त्ता जीव स्वयं ही है। इसलिए अपने जीवन को व्यर्थ मे न गवांते हुए संसार से मुक्ति ही अपना अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। इस पंचम आरे मे मुक्ति संभव नही है।





# योग कार्यशाला का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां के गुजराती समाज भवन में रविवार को योगा मास्टर्स मीट कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे गुजरात सरकार के प्रदेश योगा बोर्ड के चेयरमैन योगा सेवक शीसपाल, गुजरात नेचुरल फार्मिंग महा विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर वी सीके तिम्बाडिया, भारत के वॉकमैन राजू एम टक्कर, विवेकानंद दक्षिण भारत योगा केंद्र के सचिव एसवी शर्मा और अन्य ने अपने विचार रखे। सबका स्वागत गुजराती समाज के अध्यक्ष प्रफुल, एच. सेजपाल ने किया। संचालन सचिव राजेश मोदी ने किया। इस मौके पर योग समाज से जुड़े अनेक गणमान्य उपस्थित थे।



# परिवार में ना हो तकरार तो घर का माहौल रहेगा सदाबहार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सेलम।** यहां रविवार को शंकरनगर स्थित तेरापंथ भवन में श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के तत्वावधान में 'परिवार रहे सदाबहार' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के अनुदेशक, आचार्यश्री महाश्रमण जी के शिष्य मुनिश्री दीपकुमारजी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिस परिवार में तकरार नहीं होती उस परिवार का माहौल सदाबहार रहता है। घर के सदस्यों के बीच आपस में प्रेम भाव रहना चाहिए और वातावरण ऐसा सौहार्दपूर्ण होना चाहिए मानो शांति के फूलों की बगिया महक रही हो। छोटे बड़ों, सबको एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए।

हरेक व्यक्ति के स्वभाव में विनम्रता और वाणी में मिठास झलकनी चाहिए। माता-पिता तथा बड़ों का आदर सम्मान करने से घर में सुख-शांति की वृद्धि होती है और वह घर स्वर्ग से सुंदर होता है। वर्ना आजकल तो इन सब गुणों के अभाव में पिता-पुत्र का क्लेश, भाई-भाई के झगड़े, सास-बहू में अनबन और पति-पत्नी में तनातनी तो आम बात है। हमें रामायण कथा से परिवार की सुख-शांति के लिए किये गये त्याग आदि के प्रसंग से सीख लेनी चाहिए। मुनिश्री काव्यकुमार जी ने कहा कि सुखी परिवार वह है जहां सभी सदस्य एक दूसरे को सहना जानते हों। अगर हम किसी को हमारी अपेक्षा अनुसार बदल नहीं पाते हैं तो कई अवसर पर हमें समझना चाहिए और उन्हें उसी रूप में स्वीकार करना चाहिए। अक्सर देखा गया है इस पद्धति से भी परिवार में खुशनुमा माहौल के लिए नतीजे सकारात्मक होते हैं। संतों ने कार्यशाला के दौरान घर को स्वर्ग बनाओ तुम...., मुनिश्री राकेश कुमार जी द्वारा रचित गीत का संगान भी किया। कार्यशाला में अच्छी संख्या में भाई बहनों की उपस्थिति रही।



# वार्षिक उत्सव व चरण पादुका महोत्सव की तैयारी बैठक आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु । दादी सेना के तत्वावधान में आगामी 4-5 जनवरी को दादी धाम प्रचार समिति के द्वारा जेपी नगर स्थित शुभ कन्वेंशन हॉल में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव व चरण पादुका महोत्सव के आयोजन के लिए रविवार को तैयारी बैठक आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल ने तैयारियों की जानकारी देते हुए कहा कि 4 जनवरी को सुबह 9 बजे पूजन होगा।

उसके बाद हैदराबाद की प्रियंका गुप्ता, भागलपुर की रिया शर्मा द्वार संगीतमय मंगलपाठ का वाचन किया जाएगा। मंगलपाठ में नृत्य नाटिका की भी प्रस्तुति दी जाएगी। 5 जनवरी को सुबह चरण पादुका का का अभिषेक किया जाएगा एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 2 बजे से बीकानेर के गायक प्रवेश शर्मा व कोलकाता के अभिषेक शर्मा द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस बैठक में संजय नोपानी, शंकर सुल्तानिया, संजय चौधरी, प्रकाश चौधरी, संजय कयाल, रामसुंदर बगड़िया, माया अग्रवाल, जया चौधरी, गणेश अग्रवाल, गजेंद्र अग्रवाल आदि ने तैयारियों की समीक्षा की।

# ए. भवानी अध्यक्ष और अशोक जैन महासचिव बने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु हिंदी अकादमी की नई कार्यकारिणी का गठन 22 दिसंबर, रविवार को टी. नगर स्थित ठक्कर बापा विद्यालय में हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार बीएल आच्छा ने कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसके अनुसार डॉ. ए. भवानी अध्यक्ष, डॉ. वासुदेवन शेष और डॉ. दिलीप धींग उपाध्यक्ष, सी. मणिकंठन कार्याध्यक्ष, जे. अशोककुमार जैन शास्त्री महासचिव, लोकेशकुमार शाह सहसचिव, आर. कृष्णमूर्ति कोषाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किए गए। आरएम श्रीनिवासन, बीएल आच्छा और डॉ. राजलक्ष्मी कृष्णन को संरक्षक बनाया गया। एमएस वरदराजन, वी. रवि, डॉ. पूर्णिमा श्रीनिवासन, डॉ. जीएस गुप्ता, डॉ. जमुना कृष्णराज, पी. षण्मुगम, जे. अशोककुमार और एन. राजेन्द्र बाबू कार्यसमिति सदस्य के रूप में चुने गए। हिंदी तमिल विद्वान और वरिष्ठ अनुवादक डॉ. गोविन्दराजन ने समस्त कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए लेखन, अनुवाद आदि में सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। बीएल आच्छा ने अकादमी के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों से जोड़ने की सीख दी। डॉ. दिलीप धींग ने संस्थापक डॉ. बालशौरि रेड्डी को याद किया।

# हरि स्मरण द्वारा ही भव पार होना संभव है : पंडित भानुप्रताप



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के गांधीनगर में श्रीराम मंदिर में अपने सत्संग कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए ग्वालियर बालाजी मठ मंदिर लोकन्यास के चेयरपर्सन पंडित भानुप्रताप दुबे ने कहा कि संसार से आशक्ति ही दुख का कारण है। सिर्फ उत्तरदायित्व को समझकर मानव को क्रियाकारक रहना होगा। जीवन में हरि स्मरण से ही सुखानुभूति मिलती है। मानव जीवन में दिनचर्या, खान पान एवं आत्म संयम पर विशेष ध्यान देना होगा जिससे जीवन को सफलता मिल सके। धन कीमती वस्तु है परन्तु रक्षा सिर्फ धर्म ही करता है इसलिए धर्म का हमेशा आदर करें और धन को सत्कर्म में खर्च करते रहें जिससे हमारी इंद्रियां विचलित न होकर परमात्मा के अनुराग में स्थित हो सकेंगी। सुख का साधन एक मात्र हरि स्मरण है और विलासता का साधन धन है। धन से शांति नहीं मिलती, तपस्या और आत्मसंयम से हरि स्मरण द्वारा ही भवपार होना संभव है।




# वटवृक्ष है आठ दशक का एसी टेक : अभय श्रीश्रीमाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। एसी टेक के 80 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 21 दिसंबर को अन्ना विश्वविद्यालय, गिंडी में अलगप्पा प्रौद्योगिकी महाविद्यालय और एसी टेक पूर्व छात्र संघ की ओर से कार्यक्रम हुआ। तमिलनाडु के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री डॉ. टी.आर.बी. राजा ने बतौर मुख्य अतिथि समारोह का उद्घाटन किया। उच्च शिक्षा सचिव डॉ. के. गोपाल ने विशेष उद्बोधन दिया। समारोह में एसी टेक के आठ विशिष्ट पूर्व छात्रों का सम्मान किया गया। समारोह में एसी टेक की आठ दशक की सफल यात्रा की उपलब्धियां बताई गईं।

आयोजन समिति के चेयरमैन अभय श्रीश्रीमाल जैन ने आयोजन के उद्देश्य तथा एसी टेक रिसर्च फाउंडेशन की गतिविधियों की जानकारी दी। श्रीश्रीमाल ने बताया कि दूरदर्शी वल्लाल अलगप्पा चेट्टियार द्वारा स्थापित तथा अनेक दिग्गजों द्वारा पोषित एसी टेक आज एक विशाल वटवृक्ष बन गया है। उन्होंने बताया कि एसी टेक अपने अद्वितीय दृष्टिकोण के साथ दस से अधिक विषयों में पाठ्यक्रम तथा कार्यक्रम चलाता है। ये विषय शिक्षा, विज्ञान और व्यवसाय को आपस में जोड़ते हैं। श्रीश्रीमाल ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करके उनका सम्मान किया।

भारत सरकार के पूर्व मुख्य सचिव डॉ. टी. रामासामी ने एम.एस. स्वामीनाथन सस्टेनेबिलिटी विज्ञान केंद्र की जानकारी दी। एसी टेक के तीन पूर्व छात्र बैच द्वारा छात्रवृत्ति निधि की स्थापना की एवं नए एसी टेक सभागार हेतु ऑडियो विजुअल सिस्टम प्रदान किया गया। मोनाश विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया में प्रोफेसर जॉन मोनाश एवं डॉ. तमारापु श्रीधर द्वारा स्मारक व्याख्यान दिया गया। अधिष्ठाता प्रो. एस. मीनाक्षी सुंदरम ने स्वागत भाषण दिया। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ए. इलांगोवन ने धन्यवाद दिया। यह जानकारी साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग ने दी।

## सड़क सुरक्षा कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के तेरापंथ महिला मंडल विजयनगर के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा के जन जागृति अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें विजयनगर पुलिस स्टेशन के सबइंस्पेक्टर सचिन ने उपस्थित जनों को सड़क सुरक्षा के संबंध में अनेक जानकारी दी तथा सभी से ट्रैफिक नियमों के पालन का आह्वान किया। पुलिस अधिकारी प्रेमा ने वर्तमान समय में होने वाले स्कैम घोटाले, डेटा हैकिंग आदि के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए उनसे बचने के उपाय बताएं। मंडल की अध्यक्ष मंजू गादिय ने सभी का स्वागत किया। इस ामैके पर मंडल की परामर्शिका मधु सेठिया, ललिता डागा, मंत्री दीपिका गोखरू, उपाध्यक्ष बरखा पुगलिया एवं सुमित्रा बरडिया आदि उपस्थित थीं।

# नेशनल कांफ्रेंस का भाजपा नीत राजग में शामिल होने की संभावना से इनकार

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)में शामिल होने से इनकार किया और इस संबंध में मीडिया में प्रकाशित खबरों को निराधार बताया। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के मुख्य प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि कुछ तथाकथित पत्रकारों द्वारा जम्मू-कश्मीर के लोगों को गुमराह करने के दुर्भावनापूर्ण इरादे से यह खबर फैलाई गई जो एक सफेद झूठ के अलावा और कुछ नहीं है। वह एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। खबर में दावा किया गया था कि जम्मू-कश्मीर की सत्तारूढ़ पार्टी केंद्र शासित प्रदेश को राज्य का दर्जा देने के बदले में भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में वापसी की तैयारी कर रही है। सादिक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''किसी के लिए भी इस तरह की निराधार अफवाहें फैलाना अपमानजनक और गैरजिम्मेदाराना है... मैं इस मनगढ़ंत कहानी के पीछे के व्यक्ति को चुनौती देता हूं: वह तथाकथित 'भाजपा के शीर्ष नेतृत्व' का नाम बताएं, जिनसे उमर अब्दुल्ला ने कथित तौर पर मुलाकात की थी, या फिर तुरंत अपने दावे को वापस लें और सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।'' उन्होंने कहा कि दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ अब्दुल्ला की बैठक पूरी तरह सार्वजनिक रूप से हुई। सादिक ने कहा, ''रिकॉर्ड के लिए बता दूं कि नॉर्थ ब्लॉक में गृह मंत्री के साथ उनकी मुलाकात मीडिया के समक्ष हुई थी। अगर यह तथाकथित पत्रकार कुछ और दावा करता है, तो उसे अपने आरोपों को सबूतों के साथ पुष्ट करना चाहिए या अपने झूठ को स्वीकार करना चाहिए। हम इस तरह की धोखेबाजी की रणनीति को चुनौती दिए बिना नहीं जाने देंगे।'' सादिक ने चेतावनी दी कि अगर खबर वापस नहीं ली गई तो वे प्रकाशन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेंगे।



# मरुधरा जैन संघ के सदस्यों को अध्यक्ष जवरीलाल लुनावत ने दिलाई शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मरुधरा जैन संघ के नए अध्यक्ष जवरीलाल लुनावत ने गोड़वाड़ भवन में आयोजित कार्यक्रम में संघ के 27 मनोनीत सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

महिला मंडल अध्यक्ष तारा मोदी व सचिव सुनीता बडेरा ने मंगलाचरण से जवरीलाल लुनावत ने मंगलपाठ प्रस्तुत किया। शपथ के बाद लूनी के विधायक व राजस्थान के केबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल व पूर्व विधायक महेंद्र विश्नोई का शुभकामना संदेश पत्र का वाचन किया गया।

संघ के उपाध्यक्ष कांतिलाल गुलेच्छा,सचिव प्रवीण भंडारी, कोषाध्यक्ष महावीर संचेती, सहसचिव अमृतलाल सालेचा व नवयुवक मंडल के अध्यक्ष किरण सालेचा व सचिव विक्रम विनायकिया सहित महिला मंडल की अध्यक्ष तारा मोदी व सचिव सुनीता बडेरा व संघ के पूर्व अध्यक्ष डूंगरमल पारख, राजेश गुलेच्छा, केवलचंद सालेचा, रमेश सालेचा, उतम बागमार जयंतिलाल श्री श्रीमाल ,पदम भूरट, जीतेन्द्र सालेचा, भंवरलाल भंडारी सहित अनेक सदस्यों ने सुझाव देते हुए कहा कि वर्ष 2025 के स्नेह मिलन को मरुधरा अमृत महोत्सव के नाम से मनाया जाए एवं जनहित व लोक कल्याणकारी कार्य किए जाए। लुनावत ने सभी से अनुरोध किया कि हम सभी को संघ की मर्यादा एवं गरिमा को बनाए रखते हुए आडंबर रहित कार्य करके सभी को संगठित होकर संघ हित में ऐतिहासिक कार्य करने हैं।




# निशुल्क आर्थोपेडिक शिविर में 125 लोग हुए लाभान्वित

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के ओखलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन में अहमदाबाद के शेलबी हॉस्पिटल के डॉ वीरल गौरलिया एवं उनकी टीम ने माहेश्वरी सभा के सहयोग से निशुल्क ऑर्थोपेडिक शिविर का आयोजन किया जिसमें 125 मरीजों की जांच की गई। इस शिविर में मरीजों की विभिन्न जांच के साथ फिजियोथैरेपी एवं सर्जरी, एमआरआई, एक्स-रे या दवाइयां आदि की विस्तार से जानकारी दी व आवश्यक परामर्श दिया गया।

उपाध्यक्ष भगवानदास लाहोटी ने शिविर के सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सह कोषाध्यक्ष विनीतकुमार बियानी, कार्यकारिणी सदस्य संजय साबू, भगवान जाजू, अशोक भूतड़ा, राजेश झंवर, मनमोहन बाहेती, हरीश तापड़िया, गोविंद बियानी, रमेश चांडक, संदीप गांधी एवं रविकांत राठी ने शिविर की व्यवस्था संभाली। सफल आयोजन के मौके पर भगवानदास लाहोटी एवं विनीतकुमार बियानी ने शेल्बी हॉस्पिटल के डॉक्टर टीम का सम्मान किया।

# हर घर गुरुदेव इकतीसा पाठ सम्पन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में जिनदत्त कुशलसूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल की ओर से दादा गुरुदेव इकतीसा पाठ तिलोकचंद नितेशकुमार मुन्नीबोहरा के निवास स्थान पर सम्पन्न हुआ। मंडल के अध्यक्ष अरविन्द कोठारी ने सभी का स्वागत किया। मंत्री ललित डाकलिया ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से गुरुदेव इकतीसा का पाठ प्रत्येक माह के एक रविवार को संघ के एक सदस्य के निवास पर आयोजित किया जाता है जिसमें विभिन्न दादा गुरुदेव के गुणों का कीर्तन व गुणगान किया जाता है। इकतीसा और भक्ति कार्यक्रम में सनी रांका, नितेश बोहरा, पारस पारख, महावीर पारख, मनन बोहरा ने सुरीले संगीत और गीतों की प्रस्तुति दी।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.